हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 24 मार्च 2026



**फार्म हाउस भूमि बेचना हैं**

50 डिसमिल भूमि जिसका फ्रंट 155 है। तुमड़ीबोड़-डोंगरगढ़ मार्ग से 200 मीटर अन्दर डामर रोड पर ग्राम मुड़पार स्थित बेचना है।

- संपर्क करें -
9243901653
8770053130

**कमर्शियल प्लाट बेचना हैं**

12 डिसमिल प्लाट साइज 50×105 कुल 5250 लगभग का कमर्शियल प्लाट प्राइम लोकेशन तुमड़ीबोड़-डोंगरगढ़ मुख्य मार्ग (मेन रोड) ग्राम डूंडेरा में स्थित को बेचना है।

- संपर्क करें -
7770999355
9302526909

**मॉय एगल**





# स्वच्छता सर्वेक्षण में रैंकिंग सुधारने की कवायद...दीवारों पर 50 लाख की लागत से 78 हजार वर्ग फीट पर आकर्षक पेंटिंग बनवा रहा निगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 के लिए सर्वे टीम ने दस्तक देना शुरू कर दिया है। आगामी दिनों में शहर में भी केंद्रीय टीम दस्तक देगी। टीम के आने से पहले नगर निगम अपनी तैयारियां पुख्ता करने में जुट गया है। जिसके तहत शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर 50 लाख रुपए की लागत से पेंटिंग बनवाई जा रही है। बताया गया कि शहर में करीबन 78 हजार फीट पर यह पेंटिंग बनवाई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि इस बार के स्वच्छता सर्वेक्षण में वॉल पेंटिंग पर भी जोर दिया जा रहा है। यही कारण है कि नगर निगम शहर में लाखों रुपए की लागत से यह पेंटिंग बनवा रहा है। हालांकि इस काम में भ्रष्टाचार होने की शिकायतें भी सामने आने लगी है। जिसको लेकर विपक्षी दल कांग्रेस के नेता भी अपनी नजर बनाए हुए हैं। इधर निगम का कहना है कि दीवारों पर हो रही कलाकारी से शहर के प्रमुख स्थलों, चौराहों और मुख्य सड़कों की सूरत बदल रही है, जो पर्यटकों और निवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। पेंटिंग के माध्यम से कचरा प्रबंधन, डस्टबिन का उपयोग, सूखा और गीला कचरा अलग करना, सिंगल-यूज प्लास्टिक के उपयोग न करने और पौधारोपण जैसे संदेश दिए जा रहे हैं।




**पेंटिंग में शहर की धरोहरों को किया जा रहा प्रदर्शित**



### 64 रुपए फीट पर टेंडर

निगम सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर में आकर्षक वॉल पेंटिंग बनाने का टेंडर 64 रुपए फीट के आधार पर किया गया है। बताया गया कि 50 लाख रुपए में शहर में करीबन 78 हजार वर्ग फीट पर पेंटिंग बनाने का टेंडर दिया गया है। इस टेंडर में 78 हजार फीट पर पेंटिंग बनेगी या नहीं इसको लेकर भी सवाल बना हुआ है, जिस पर विपक्षी दल कांग्रेस की भी नजर बनी हुई है।

### स्वच्छता लीग की भी शुरूआत

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों को परिपत्र जारी कर दिया है। इसमें कहा गया है कि सतत सफाई व्यवस्था और अपशिष्ट प्रबंधन के दावों का नियमित मूल्यांकन और सत्यापन स्वच्छता लीग के अंतर्गत किया जाएगा। क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया को सर्वेक्षण और मूल्यांकन के लिए अधिकृत किया गया है। एजेंसी द्वारा नियुक्त मूल्यांकनकर्ता स्थल निरीक्षण, वर्तमान सुविधाओं का ऑनग्राउंड अवलोकन और दस्तावेजी प्रमाण एकत्र करेंगे। पूरी प्रक्रिया निर्धारित प्रोटोकॉल, दिशानिर्देश और टूलकिट के अनुरूप संचालित होगी।

# पंचमी पर माता का विशेष श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चैत्र नवरात्र पर्व पर अंचल में श्रद्धा भक्ति का माहौल है। पंचमी के अवसर पर देवी मां एवं ज्योत जंवारा का विशेष श्रृंगार किया गया। शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना में भक्त लीन है। देवी मंदिरों में सुबह से देर शाम तक माता के जयकारों की गूंज है। मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन करने बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति बन रही है।

शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्र 19 मार्च से प्रारंभ हो गया है। पर्व के साथ ही अंचल में शक्ति की देवी मां दुर्गा के भक्ति की बयार है। शहर सहित ग्रामीण अंचल में देवी मां का शीतला मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना जारी है। देवी मंदिरों में आस्था के ज्योत-जंवारा स्थापित किए गए हैं। जिसका दर्शन लाभ लेने भक्त जुटे हुए हैं।

पर्व के तहत सोमवार को पंचमी मनाई गई। इस दौरान देवी मंदिरों में देवी मां एवं ज्योत-जंवारा का विशेष श्रृंगार किया गया। बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति देवी मंदिरों में बनी हुई है। सुबह से लेकर देर रात तक माता के जयकारों की गूंज है। इधर मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में बड़ी संख्या में भक्त देवी मां के दर्शन हेतु पहुंच रहे हैं। दर्शनार्थी यात्री वाहनों, ट्रेन सहित अन्य साधनों से डोंगरगढ़ पहुंच रहे हैं, जहां नवरात्र मेले का भी आनंद उठा रहे हैं। दिन-रात भक्तों की चहल-पहल मंदिर से लेकर मेला स्थल तक बनी हुई है।



### सामग्रियों की मांग

इधर शहर के मां शीतला मंदिर, पाताल भैरवी मंदिर, कालीमाई मंदिर पुराना बस स्टैंड, दुर्गा मंदिर किल्लापारा, काली मंदिर ब्राम्हणपारा, महामाया मंदिर, भानेश्वरी मंदिर सिंघोला, कालीमाई मंदिर नवागांव, सहित अन्य मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। बाजार में पूजा सामग्रियों की मांग बनी हुई है। पंचमी के साथ ही अब जसगीतों की गूंज देवी मां के मंदिर परिसर में शुरू हो जाएगी।

### डोंगरगढ़ में दिन-रात चहल-पहल

पंचमी लगते ही बड़ी संख्या में भक्त रात से डोंगरगढ़ पहुंच रहे हैं। हालांकि पर्व के पहले ही दिन से भक्तों की बेहतर उपस्थिति बन रही है। चैत्र नवरात्र पर इस वर्ष पदयात्रियों की उपस्थिति पूर्व वर्षों की अपेक्षा कम नजर आ रही है। जबकि विविध साधनों सहित दुपहिया वाहनों में सवार होकर डोंगरगढ़ पहुंचने वालों की संख्या बढ़ी है। पदयात्रियों की कम उपस्थिति का कारण इन दिनों स्कूल-कॉलेज में चल रही परीक्षा एवं मौसम को भी माना जा रहा है।






## खबर संक्षेप



डोंगरगांव। साहू समाज द्वारा आयोजित कर्मा जयंती महोत्सव एवं आदर्श विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान, सामाजिक पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने थिरकते हुए अपनी खुशियों का इजहार किया।

### 108 घरों में यज्ञ कराने का संकल्प



**डोंगरगांव।** गायत्री परिवार द्वारा जन्म शताब्दी संकल्प कार्यक्रम अंतर्गत गांव-गांव एवं घर घर में गायत्री यज्ञ कराया जा रहा है। इसी क्रम गोडलवाही में बुंदेश्वरी साहू एवं डॉ दिग्विजय साहू के प्रयास एवं गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं के सहयोग से 24 घरों में यज्ञ कराया गया। इस आयोजन में बालोद एवं राजनांदगांव जिला के लोग शामिल हुए। जिला प्रमुख जयप्रकाश सिन्हा ने दो घरों में यज्ञ कराया। गायत्री परिजनों ने भविष्य में 108 घरों में यज्ञ संपन्न कराने का संकल्प लिया है।

### समर कैंप का सफल आयोजन



**डोंगरगढ़।** शहर के लंडन किड्स इंटरनेशनल प्री स्कूल ने बच्चों के लिए दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया। इस कैंप में 2 से 7 वर्ष तक के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैंप के दौरान बच्चों के लिए ड्रॉइंग, क्राफ्ट, डांसिंग एवं योगा जैसी विभिन्न रचनात्मक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागी बच्चों को मेडल एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया।

### परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती 25 को

**तुमडीबोड।** साहू संघ परिक्षेत्र तुमड़ीबोड़ एवं इकाई टप्पा के तत्वावधान में परिक्षेत्र स्तरीय जयंती समारोह 25 मार्च को रखा गया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजिकजन शामिल होंगे। कार्यक्रम अंतर्गत 25 मार्च को स्कूल मैदान से प्रातः 9 बजे कलश शोभायात्रा निकाला जाएगा। शाम 4 बजे अतिथि सम्मान एवं उद्बोधन होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ निरेन्द्र साहू, प्रमुख अतिथि विधायक दलेश्वर साहू, जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू होंगे। अध्यक्षता शिवराम साहू करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में मदन साहू, सोनूराम साहू, जया साहू, सरिता साहू, कोमल साहू, लोकेश्वरी सिन्हा, भुनेश्वरी साहू, भुवाल साहू, सुनीता साहू, डकेश्वर साहू, पुरुषोत्तम साहू उपस्थित रहेंगे। आयोजक समिति ने समाजिकजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। यह जानकारी घनेंद्र साहू ने दी।

### दूसरी बार अध्यक्ष बने सतीश



**डोंगरगांव।** श्री दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष का चुनाव गत दिनों सम्पन्न हुआ। सामाजिक जनों की आम सहमति से अध्यक्ष के पद पर मौजूदा अध्यक्ष सतीश जैन लल्ली दूसरी बार निर्वाचित हुए। उन्होंने नवीन कार्यकारिणी का गठन किया है जिसमें संरक्षक देशराज जैन, खूबचंद जैन, ऋषभ जैन, प्रमोद जैन, उपाध्यक्ष राजकुमार जैन, मंत्री प्रबोध जैन, चौधरी अनुज जैन, कोषाध्यक्ष राहुल जैन है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विमल जैन, संजय जैन, राजेश जैन, धर्मेन्द्र जैन, सुनील जैन, दिलीप जैन, राकेश जैन, डॉ अशोक जैन, निखिल जैन, सौरभ जैन, प्रफुल्ल जैन, प्रियंक जैन, सेठ सजल जैन, चौधरी आदि जैन को शामिल किया गया है।

### मनाया गया पाई दिवस




**जालबांधा।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष संजय देवांगन के निर्देशन में अंतरराष्ट्रीय पाई दिवस मनाया गया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह दिन गणित के महत्वपूर्ण स्थिरांक को समर्पित है, जिसका मान 3.14 होता है। गणित विभाग के शिवम वैष्णव ने पाई के इतिहास की जानकारी दी। बीएससी के याकेश ने पाई के मान 3.14 को मॉडल के माध्यम से समझाया। वाणिज्य विभागाध्यक्ष संजय देवांगन ने बताया कि पाई दिवस गणित के प्रति रुचि बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। संचालन अश्विन गौतम एवं आभार प्रदर्शन पूजा देवांगन ने किया।

### दो माह से मजदूरी भुगतान लंबित



**डोंगरगढ़।** जिला पंचायत सभापति अनिता मंडावी ने ग्राम पंचायत बुढानछापर, कारूटोला पहुंचकर मनरेगा के कार्य का निरीक्षण किया।मजदूरों ने दो माह से भुगतान नहीं होने की जानकारी दी जिस पर श्रीमती मंडावी ने जनपद सीईओ मजदूरी का भुगतान तत्काल करने के निर्देश दिया। उन्होंने श्रमिकों को मनरेगा के किए गए नए प्रावधान की जानकारी दी। इस दौरान शिवप्रसाद बल्हारे, उपकार सिंह बघेल, तिलका ऊईके, योगेश सोनी आदि उपस्थित थे।

### पदयात्रियों की सेवा इस बार पहले से कम


# नवरात्रि के पांच दिनों में 4 लाख ने किया मां बम्लेश्वरी के दर्शन

## सेवा पंडालों में दिख रहा सुविधाओं का आभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बम्लेष्वरी के दरबार में पंचमी के पहले रविवार को देर रात तक बड़ी संख्या में दर्शनार्थी पहुंचे किन्तु अन्य सालों की तुलना में कम दिखाई दिए। इस बार चैत्र नवरात्र मे पंचमी तक लोगों की अपेक्षित भीड देखने नहीं मिली। जो दर्शनार्थी आ रहे है वह सड़क के बजाय रेल मार्ग से अधिक आ रहे है। नवरात्र के पांचवे दिन तक लगभग 3 से 4 लाख दर्षनार्थियों के पहुंचने की जानकारी मिली है। रविवार की रात से पदयात्रियों का जत्था देखने को मिला हालांकि उनकी संख्या भी कम थी। राजनांदगांव-बेलगांव मार्ग से पहुंचने वाले पदयात्रियों की सेवा व्यवस्था पुरी फेल रही है जिसके कारण भी दर्शनार्थियों की संख्या में कमी आई है। लोगों को रास्ते भर तकलीफ उठाना पड़ रहा है।





#### पथरीले रास्ते से परेशानी

राशि खर्च करने के बाद लोक निर्माण विभाग के मार्ग की दशा में सुधार नहीं सका है जिसका खामियाजा पदयात्री को उठाना पडा। नवरात्रि के पूर्व कराया गया सड़कक मरम्मत कार्य और सफाई कार्य महज कागजों में सिमटा नजर आया। इस मार्ग के किनारे अवैध रूप से रखे मटेरियल, कटीली झाड़ियों और क्षतिग्रस्त डिवाईडर के मटेरियल को भी नहीं हटाया गया जिससे पदयात्रियों को चोट लगने की जानकारी मिली है।

#### विदेशी भक्तों के कलश

माता के सबसे बड़े आस्था के केन्द्र में देश- विदेश के भक्तो ने मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित कराया है। यहां विदेशी भक्तो के अलावा छग, मप्र, महाराष्ट्र के नेताओं, उद्योगपतियों, अधिकारियों ने जोत प्रज्जवलित कराया है। माता बम्लेश्वरी के दरबार में दुबई बैंकाक, आस्ट्रेलिया, यूएसए, कनाडा सहित अन्य देशों के भक्तों ने जोत प्रज्जवलित कराया है।

#### दावों की खुली पोल

प्रशासन द्वारा नवरात्र के दौरान बेहतर व्यवस्था का दावा किया जाता है किन्तु स्थिति ठीक उलट है। सफाई, पेयजल, सड़क मरम्मत का दावा महज दिखावा दिखाई दे रहा है। प्रमुख मार्गों पर लगने वाले सेवा पंडाल कागजों में सिमट गए है। इस कार्य के लिए मिली राशि से पंचायत प्रतिनिधि अपनी जेब गर्म करने में लगे हैं।

#### मीनाबाजार में बेजा वसूली

मीनाबाजार और स्टॉलो में अधिक कीमत वसूल करने की शिकायत सामने आ रही है। मीनाबाजार में 20 से 30 रूपए कीमत वाली टिकट का 50 से 60 रूपए लिया जा रहा है। मीना बाजार में लगे स्टालो में खाद्य सामग्री का ग्राहको से 2 गुना तक अधिक कीमत लिया जा रहा है।

## तीन साल में नहीं बनी किसान कुटीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

धान खरीदी केन्द्रों में मंडी बोर्ड द्वारा किसान कुटीर का निर्माण किया जा रहा है। धान खरीदी केन्द्र कुकुरमुड़ा, अतरिया में भी किसान कुटीर बनाया जा रहा है।जो तीन साल में पूर्ण नहीं हो सकी है। सोसायटी में धान बेचने, खाद लेने या अन्य कार्यों से पहुंचने वाले किसानों की सुविधा के लिए कुकुरमुड़ा, विचारपुर, पैलीमेटा सहित कुछ अन्य केन्द्रों में किसान कुटीर का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है ताकि केन्द्र पहुंचने वाले किसानों को सुविधा मिल सके। कुछ स्थानों पर निर्माण पूर्ण हो गया है परन्तु कुकुरमुडा अतरिया में किसान कुटीर का निर्माण अधूरा है।

#### गुणवत्ता की अनदेखी

निर्माण में जमकर अनियमितता बरतने की शिकायत कृषक कर रहे है। किसानों ने आपत्ति दर्ज कराते हुए बताया कि पानी की तराई उचित तरीके से नहीं किया गया है जिससे शीघ्र जर्जर होने की आशंका है। किसानों ने बताया कि ठेकेदार की लापरवाही कृषक लाभ से वंचित हैं। जानकारी अनुसार सर्वसुविधा युक्त भवन लगभग 13 लाख की लागत से बनाया जा रहा है।

#### सूचना पटल नहीं

लाखों की लागत से बने रही कृषक कुटीर के निर्माण स्थल पर सूचना पटल नहीं लगाया गया है। निर्माण कार्य दो साल से जारी है परन्तु निर्माण एजेंसी कौन है? लागत, निर्माण की अवधि संबंधी अन्य जानकारी मौके पर चस्पा नहीं किया गया है।

## आलोक ने किया 23 बार रक्तदान



**छुईखदान।** संकट में फंसे मानव जीवन को बचाने के लिए रक्त बेहद जरूरी होता है। रक्तदान कर बिना हानि जरूरतमंद को नया जीवन दिया जा सकता है। वर्तमान में यह देखने में आता है कि मरीज केवल इसलिए जान गंवा देते हैं क्योंकि समय पर उन्हें रक्त नहीं मिल पाता ऐसे में रक्तदान करना सामाजिक जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि मानवता की सेवा भी है। यह बातें जगन्नाथ सेवा समिति के सहयोगी एवं वार्ड 3 निवासी आलोक यादव ने कही।

जरुरत मंदों को रक्त मुहैया कराने सदैव तत्पर रहने वाले श्री यादव ने अब तक 23 बार रक्तदान कर क्षेत्र के युवाओं के प्रेरणास्त्रोत बन गए हैं। उनका कहना है कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है। इसे केवल एक स्वस्थ व्यक्ति द्वारा ही दान किया जा सकता है। एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है।

#### युवा करें रक्तदान

उन्होंने युवाओं से रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि इससे न केवल किसी का जीवन बचता है, बल्कि दान करने वाले व्यक्ति को मानसिक संतोष मिलता है। यह एक ऐसा दान है, जिसमें न पैसा लगता है और न ही अधिक समय। जरूरत होती है एक सकारात्मक सोच और मदद करने की भावना की।

#### सेहत पर असर नहीं

वह कहते हैं कि लोग रक्तदान को लेकर भ्रमित रहते हैं, कि इससे कमजोरी आती है या स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है लेकिन सच्चाई यह है कि रक्तदान करने के कुछ बाद रक्त की पूर्ति हो जाती है। रक्तदान करने से नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है।

## गड़बड़ी की जांच से शिकायतकर्ता असंतुष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ ठेलकाडीह

ग्राम पंचायत सहसपुर दल्ली में सोमवार को जांच अधिकारी पहुंचे। शिकायत के आधार पर मुरमीकरण एवं गौठान शेड निर्माण की जॉच की गई किन्तु शिकायतकर्ता पूर्व सरपंच कांति नागपुरे को जॉच के दौरान मौके पर नहीं बुलाया गया। शिकायतकर्ता नागपुरे ने सचिव नेमचंद वर्मा को फोन लगाकर जब जानकारी लिया तब तक जॉच प्रक्रिया पूर्ण होने वाली थी। आनन-फानन में कांति नागपुरे मौके पर पहुंची तब तक आधे से ज्यादा जॉच हो चुकी थी। शिकायतकर्ता ने जांच प्रक्रिया पर नाराजगी जाहिर किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जॉच के नाम पर केवल खानापूर्ति किया गया है। अब वह इस मामले की कलेक्टर से शिकायत कर दोबारा जॉच की मांग करेंगे।

#### बिना दुकान के लाखों की सप्लाई

जानकारी के अनुसार सहसपुर दल्ली पंचायत में ऐसे फर्मो का बिलों के माध्यम से राशि का आहरण किया गया है जो कागजों में संचालित है। भरकाटोला के एक ऐसी फर्म है जिसने रेती, गिट्टी, सीमेंट की सप्लाई की है किन्तु मौके पर दुकान नहीं है और न ही बिल में जीएसटी नंबर का उल्लेख है। इसी प्रकार भैंसातरा के एक सप्लायर से करीब ढाई लाख से अधिक की रेती, गिट्टी, सीमेंट सहित अन्य सामाग्री सप्लाई किया है।जबकि उक्त फर्म का अस्तित्व नहीं है। कलकसा में मुरमीकरण के लिए मासूल के एक सप्लायर ने जीएसटी बिल लगाकर लाखों की मुरूम सप्लाई कर डाली जबकि उसके पास वाहन तक नहीं है।

#### क्या है पूरा मामला

ग्राम पचांयत सहसपुर दल्ली के आश्रित ग्राम कलकसा में मुरमीकरण एवं विधायक निधि से स्वीकृत 5 लाख की लागत से गौठान में शेड निर्माण किया गया है। पूर्व सरपंच कांति नागपुरे ने निर्माण में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए जनपद सीईओ से जॉच की मांग की थी।

#### जानकारी नहीं दी गई

सोमवार को जॉच अधिकारी आने की जानकारी फोन से मिली थी। लिखित में जानकारी नहीं दी गई थी। जॉच के दौरान मौके पर नहीं बुलाया गया। सचिव से जांच होने की जानकारी मिली। कलेक्टर से शिकायत कर जॉच की मांग की जाएगी।

- **कांति नागपुरे,** पूर्व सरपंच

## बाजार में नवनिर्मित टीन शेड का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेवा



ग्राम पटेवा में 22 मार्च को रानी अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस मनाया गया। इस मौके पर विधायक निधि से निर्मित बाजार टीन सेड निर्माण का लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल थी। अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राममूरत वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में जनपद सदस्य तुलसी साहू, सरपंच लक्ष्मी वर्मा, विरेन्द्र हिरवानी, दीपक साहू, रोहित साहू, रामदिल वर्मा, नीलकंठ साहू, पुसऊराम वर्मा, बीएल साहू, एलएल साहू, एमएस राजपूत मौजूद थे०। कार्यक्रम का शुभारंभ शोभायात्रा के साथ किया गया। गांव में भ्रमण करते हुए शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल पहुंची।यहां टीन सेड का लोकार्पण एवं रानी अवंतीबाई लोधी की मूर्ति की पूजा अर्चना कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर विधायक श्रीमती बघेल ने कहा कि समाज को आगे लाने में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है०। उन्होंने समाज को लोगों को शिक्षा के क्षेत्र में बेटियों को आगे लाने की बात कही, क्योंकि बेटी दोनों कुल का नाम रोशन करती है। सभा को जनपद त सदस्य तुलसी साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बहादुर वर्मा, नरेश वर्मा, सुरेश वर्मा, बरातू वर्मा, जगन वर्मा, कन्हैया वर्मा, जगदीप वर्मा, रेशु वर्मा, भानू वर्मा, दीपक वर्मा, संतोष वर्मा, संजय वर्मा, मुकेश वर्मा, सुदामा, बिसौहा, टीकम, ढालसिंग, कमलेश, प्रशांत वर्मा, भुनेश्वर वर्मा आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। संचालन रोहित निर्मलकर ने किया।

## निर्माणाधीन सड़क पर उड़ रही धूल, लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ठेलकाडीह



करोड़ो की लागत से बन रही सड़क से उठने वाले धूल के गुबार से जनता त्रस्त है। लोगों को परेशानी होने के बाद भी ठेकेदार धूल से निजात दिलाने में गंभीरता नहीं दिखा रहे है। धूल के चलते रोजाना हादसे हो रहे है। उल्लेखनीय है कि गठुला नाला से रोड की उपही हिस्से की खुदाई कर दी गई है। तिलई में भी इसी तरह की खुदाई की गई है जबकि बोरीभांठा चौक से तिलई तक धूल उड़ने से लोग परेशान है। डगनिया-पदुमतरा, खपरीखुर्द, चवेली तक स्थिति और भी चिंताजनक है। लोग धूल से बचने के लिए रांग साइड का उपयोग कर रहे है जो कभी भी खतरनाक साबित हो सकता है। निर्माणाधीन मार्ग पर पानी का छिड़काव कर धूल की परेशानी को कुछ हद तक कम किया जा सकता है लेकिन निर्माण एजेंसी जनता की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रही है। पदुमतरा-खपरीखुर्द के ग्रामीण अब आंदोलन करने के मूड में है।

#### नेताओं को सरोकार नहीं

करोड़ो की सड़क निर्माण में कई खांमिया देखने को मिल रही है इसके बाद भी बीजेपी और कांग्रेस के नेता चुप्पी साधे हुए हैं। नेताओं के रवैए को देखकर कहा जा रहा है कि जनता से उन्हे कोई सरोकार नहीं है।

#### खदान से ले रहे पानी

ठेलकाडीह की एक पत्थर खदान से पानी लाया जा रहा है किन्तु रोड पर पानी डालने में कंजूसी किया जा रहा है। ठेकेदार के एक कर्मचारी से बात करने पर पता चला कि दो दिन से जिस खदान से पानी खीचते है वहां का पंप खराब हो गया है इसलिए छिड़काव नहीं हो रहा है।

## नए अध्यक्ष की नियुक्ति



**राजनांदगांव।** जिला गोंडवाना समाज की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को आयोजित की गई। जिसमें समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।

बैठक के दौरान जिला गोंडवाना महासभा के अध्यक्ष पद पर स्वर्गीय नीलकंठ गढ़े के निधन के बाद रिक्त पद को भरते सर्वसम्मति से रमेश मांडवी को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं स्व. श्री गढ़े के सुपुत्र अनूप गढ़े को जिला महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। दोनों पदाधिकारियों की नियुक्ति पर समाज में खुशी की लहर देखी गई। लोगों ने नव-नियुक्त अध्यक्ष एवं महासचिव को बधाई देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बैठक में केंद्रीय गोंडवाना समाज के अध्यक्ष एमडी ठाकुर सहित गोंड कल्याण समिति राजनांदगांव के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। चुनाव प्रक्रिया का संचालन चुनाव अधिकारी राजेश छेदा ने किया। इस अवसर पर पंचूराम, रामसिंह, श्यामशाह, दिलेश्वर, कुंवेरसिंह, परमानंद, विष्णुदेव, प्रवक्ता पुष्पाबाई, रामानंद, कन्हैया टेकाम सहित मुड़ादार तहसील एवं जिला कार्यकारिणी के अनेक सदस्य शामिल हुए।

### करियाटोला में कर्मा जयंती 25 को

**डोंगरगांव।** करियाटोला में 25 मार्च को साहू समाज द्वारा मां कर्मा जयंती मनाया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. निरेंद्र साहू, विधायक दलेश्वर साहू, अंजू त्रिपाठी, लीलाराम मंडलोई शामिल होंगे। अध्यक्षता जिला भाजपा महामंत्री डिकेश साहू करेंगे। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष टिकेश साहू, तहसील साहू संघ अध्यक्ष शिवराम साहू, नगर साहू संघ अध्यक्ष कौशल साहू भी शिरकत करेंगे। समाज के अध्यक्ष शोभराय साहू ने बताया कि जयंती के अवसर पर पूजा-अर्चना, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पदयात्री सेवा पंडाल का आयोजन

**राजनांदगांव**। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि अवसर पर पदयात्रियों की सेवा हेतु "पदयात्री सेवा पंडाल" का आयोजन किया गया। यह सेवा पंडाल खैरागढ़ में स्थापित किया गया, जहां यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं के लिए विश्राम, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। परिषद के कार्यकर्ताओं ने उत्साह और सेवाभाव के साथ पदयात्रियों की सहायता की। इस अवसर पर जिला संयोजक धनंजय पांडेय ने कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य समाज में सहयोग और मानवता की भावना को बढ़ावा देते हैं। हर्ष वर्मा ने कहा कि परिषद का यह प्रयास सेवा और समर्पण का प्रतीक है तथा आगे भी ऐसे जनहितकारी कार्य निरंतर जारी रहेंगे। कार्यक्रम में परिषद के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




### ईदगाह पहुंचकर जिलाध्यक्ष ने दिया भाईचारे का संदेश



**राजनांदगांव**। ईद-उल-फितर अवसर पर शनिवार सुबह छुरिया नगर स्थित ईदगाह में पेश इमाम हाफिज सद्दाम हुसैन द्वारा सामूहिक नमाज अदा कराई गई। नमाज के बाद सलातो-सलाम पेश किया गया तथा देश-प्रदेश में अमन, शांति और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं मांगी गई। तत्पश्चात मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और अपने दिवंगत परिजनों की याद में कब्रिस्तान पहुंचकर फातेहा पढ़ी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव अध्यक्ष विपिन यादव, जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू एवं समाजसेवी मनोज सिन्हा ईदगाह पहुंचे और मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी।

### प्रदेश कार्यसमिति में विनोद और योगेश का मनोनयन

**राजनांदगांव**। भाजपा की आर्थिक प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यसमिति में राजनांदगांव भाजपा के दो प्रतिष्ठित चेहरों के मनोनयन से व्यापारियों में हर्ष की लहर है। लंबे समय से व्यापार जगत से जुड़े विनोद डड्डा एवं योगेश बागड़ी व्यापारियों के लिए संघर्ष करते रहे हैं। चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स और खेल जगत से जुड़े यह प्रतिनिधि अच्छी साख रखते हैं और लगातार भाजपा के जनाधार बढ़ाने हेतु सतत प्रत्यनशील रहते हैं। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भाजपा विनोद डढ्ढा एवं योगेश बागड़ी आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोनीत किए गए।

### विशिष्ट जनजागरूकता व्याख्यान आयोजित

**राजनांदगांव**। विश्व गौरैया दिवस के महत्तम समसामयिक परिप्रेक्ष्य में शासकीय कमला कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अंजली अवधिया के प्रमुख संरक्षण में विशिष्ट जनजागरूकता व्याख्यान भूगोल विभाग में आयोजित किया गया। एमए भूगोल चतुर्थ सेमेस्टर छात्राओं के साथ विशिष्ट विचार चर्चा करते पर्याविज्ञ डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने बताया कि अतिप्राचीन समय से देश-धरती के हर-घर आंगन में गौरैया चिरैया की चहचहाट, चलहकर्मी गुंजायमान हुआ करती थी। जिससे घर-घर की बाल पीढ़ी प्रत्यक्ष रूप से प्रकृति एवं प्राकृतिक पारिस्थित तंत्र से जुड़कर अतिप्रसन्नचित्त और उल्लासित होती थी। साथ ही सहज-सरल रूप में समग्र घर-आंगन का वातावरण खुशहाल हो जाता था। वर्तमान में शहर-ग्राम परिवेश में लगभग गायब हो चुकी हमारी गौरैया और निरंतर उनकी घटती संख्या से सर्वजन को चिंतित कर दिया है। डॉ. द्विवेदी ने बदलती जीवनशैली पक्के-घर, मकान, परिसर तथा बहुमंजिली फ्लेट आवासों तथा अतिशय भौतिकवादी जीवनचर्या के बढ़ते चलन और लगातार घर-आंगन से घटती हरितिमा हरियाली और अधिकांश घरों में फलदार-छायादार बड़े वृक्षों के अभाव ने पशु-पक्षियों के प्राथमिक आवास विशेषकर पक्षियों के घौसले, बिल, खोल आदि को पूरी तरह विनिष्ट कर दिया है। जिसके कारण चतुर्दिक एक साथ जल, वायु, मिट्टी, शोर, प्रदूषण बढ़ा है।

### एसोसिएशन का होली मिलन समारोह आयोजित

**राजनांदगांव**। छत्तीसगढ़ पेंशनर्स संगठन व तहसील शाखा डोंगरगांव का होली मिलन समारोह संरक्षक जेएल पटेल के मुख्य आतिथ्य एवं प्रवक्ता वायके गहरवार की अध्यक्षता तथा अमर सिंह ठाकुर प्रदेश उपाध्यक्ष, पीडी साहू संरक्षक, घनश्याम यादव, जीआर अहीर के विशेष आतिथ्य में मनाया गया।अध्यक्ष ज्योतिषराम यादव द्वारा अतिथियों का स्वागत सम्मान कर तहसील शाखा डोंगरगांव के गतिविधियों का विस्तृत जानकारी प्रस्तुत किया गया। अतिथियों एवं पदाधिकारियों ने रंगों के महापर्व होली पर सारगर्भित व्याख्यान किया गया। आत्माराम साहू एवं सालिक प्रसाद द्विवेदी को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई। केशवराम साहू, गजेंद्र हरिहारनों, सीएल हिरवानी, कृष्णालाल साहू, सुमित्रा बोरकर सभी ने फाग गीत, डंहकी, मन डोले रे मांग फगुनवा आदि गीतों से समा बांधे रखा। हर्षोल्लास पूर्वक फूलों का होली मिलन समारोह संपन्न हुआ। पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा स्व. देवेन्द्रनाथ साव को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर आरके श्रीवास्तव, तीरथराम देवांगन, मनबोधीराम माली, घनश्याम यादव, प्रेमलाल मेश्राम, रामकुमार ठाकुर, परदेसीराम मंडलोई, अकबरराम देवांगन, नंदकुमार श्रीवास्तव, राष्ट्रपाल गजभिये, पंचराम सोनकर, कृष्ण कुमार देवांगन, नंदलाल साव, डीबी डोंगरे, भगवानीराम साहू, ज्ञानेंद्र पटेल, नामदेव साहू सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्सगण उपस्थित थे।

### स्वास्तिक समिति ने बांटे कोटना

**राजनांदगांव**। पानी की तलाश में भटकते बेजुबान जानवरों को राहत देने स्वास्तिक जनसमर्पण सेवा समिति ने कोटना (जल पात्र) वितरण अभियान चलाया। समिति ने जनसहयोग से कोटना एकत्र कर भदौरिया चौक स्थित कार्यालय से जरूरतमंद और सेवाभावी लोगों को वितरित किए। समिति के प्रदेश संरक्षक सुनील सेन ने बताया कि संस्था पिछले कई वर्षों से यह सेवा कार्य कर रही है। इस बार भी मार्च में जरूरतमंदों की सूची तैयार कर उन्हें कार्यालय बुलाकर कोटना दिए गए। साथ ही यह संकल्प दिलाया गया कि इनका उपयोग केवल जल सेवा के लिए किया जाएगा, न कि अन्य किसी कार्य में। समिति के प्रदेश संयोजक अंशुल कसार ने बताया कि कोविड काल में शुरू हुआ यह अभियान अब जिलेभर में फैल चुका है। समिति दानदाताओं के सहयोग से पात्र खरीदती है और ऐसे लोगों को देती है, जो उनकी साफ-सफाई और पानी भरने की जिम्मेदारी लेते हैं। इससे समाज में सेवा और जागरूकता का भाव भी बढ़ रहा है। अभियान की शुरूआत समिति कार्यालय में विधिवत पूजन के साथ हुई। पं. आशीष तिवारी के वैदिक मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके बाद सूचीबद्ध लोगों को कोटना वितरित किए गए। इस मौके पर चिंटू सोनकर, शिव वर्मा, अतुल रायजादा, पंकज कुंजेकर, सुनील सेन, उज्वल कसेर, प्रेमा सोनकर अभियान अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं समिति के अभिषेक शर्मा, रिभय यादव, दिव्यांश साहू, रितेश साहू, यश साहू, कोमल साहू, गौरव गुप्ता, अंकुश गुप्ता, आयुष दीवान, शुभम नाविक, पीयूष साहू, संस्कार यादव, आशीष यादव, गौरव तिवारी, मोहन पाटिल, निश्चय चौवे, मिथलेश मेश्राम, यमन साहू, प्रशांत रजक, आदित्य, आशीष तिवारी सहित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

## शहर के मोहारा वार्ड में गौ आरोग्यम की हुई शुरूआत

# घायल-बीमार गौवंश को मिलेगा उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के मोहारा वार्ड में खंडहर पड़े गौठन को संवारकर गौ सेवा के लिए कार्य करने वाली जीव रत्नम फाउंडेशन द्वारा यहां गौ आरोग्यम अस्पताल का संचालन किया जा रहा है। जिसका आज विधिवत शुभारंभ किया गया। इस शुभारंभ अवसर पर अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, पार्षद आलोक श्रोती, शैंकी बग्गा, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख, सुमीत भाटिया सहित गौसेवा से जुड़े लोगों के अलावा स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

मोहारा धान खरीदी केन्द्र के समीप गौवंश के उपचार के लिए बनाए गए इस गौ आरोग्यम में गौवंश के लिए पर्याप्त संसाधनों का ध्यान रखा गया है। यहां पर गाय के लिए शैड पर पंखा, नल, हरा चारा, चिकित्सक, केयरटेकर की व्यवस्था करते सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

### पुनीत कार्य की हुई शुरूआत

मवेशियों के लिए इस गौ आरोग्यम की शुरूआत करने के लिए स्थानीय पार्षद आलोक श्रोती का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके सहयोग से इस परिसर को व्यवस्थित बनाया जा सका। उन्होंने कहा कि इसका मूल उद्देश्य है कि जहां भी बीमार, घायल गाय है और इलाज का अभाव है उनकी देखभाल यहां होगी। यहां अच्छी सोच के साथ एक पुनीत कार्य शुरू हुआ है।



### महापौर के सहयोग से संभव हुआ कार्य

पूरी तरह खंडहर में तब्दील हो चुकी इस जगह पर असामाजिक तत्वों के लोगों का डेरा लगा रहता था। अब यहां गौवंश के लिए अस्पताल बनने से सड़क पर घायल मवेशियों को 24 घंटे बेहतर उपचार मिलेगा। महापौर मधुसूदन यादव ने परिसर उपलब्ध कराने के साथ ही यहां बोर और लाइट की व्यवस्था कराई। जिससे गौ आरोग्यम की परिकल्पना संभव हुई।

### इलाज चलने तक गौ आरोग्यम में रहेगी गाय

गौ आरोग्यम का संचालन करने वाले पार्षद एवं गौ सेवक जैनम बैद ने इस सोच को लेकर कहा कि उनकी संस्था जीव रत्नम फाउंडेशन द्वारा लगभग सात-आठ वर्षों से सड़क पर घायल गौवंश का उपचार कराया जाता है। इस दौरान यह लंबे समय से महसूस हो रहा था कि उपचार के लिए गौमाता को रखने उचित व्यवस्था नहीं है। इस अस्पताल के संचालन से अब यहां पर गौ को इलाज चलने तक रखा जा सकता है।

### संभाग स्तर पर गौ अभ्यारण आवश्यक

उद्घाटन अवसर पर पहुंचे लगभग 40 वर्षों से गौशाला का संचालन कर रहे वरिष्ठ समाजसेवी खूबचंद पारख ने इस पहल की सराहना की और संस्था को अपनी शुभकामनाएं दी। श्री पारख ने कहा कि पहले गौशाला में गाय की संख्या बढ़ जाती थी तो सरकार का एक अभ्यारण हुआ करता था, जो सरोना में था, जहां गाय भेजी जाती थी, लेकिन वह अब बंद हो गया है। जिससे गौशालाओं पर अतिरिक्त भार पड़ता है। सरकार अब गोधाम बना रही है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा प्रदेश सरकार से अनुरोध किया गया है कि हर संभाग में 50 से 100 एकड़ का अभ्यारण बनाएं, जहां गौशाला में अधिक पशुधन होने पर उन्हें वहां रखा जा सके।

## गौशाला में जैविक खेती प्रशिक्षण 29 को

**खैरागढ़**। धरमपुरा वार्ड स्थित मनोहर गौशाला में रविवार 29 मार्च को जैविक कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा। इंदिरा गांधी कृषि विवि और गौशाला के संयुक्त आयोजन में किसानों को गौ आधारित खेती, प्राकृतिक खाद और कीटनियंत्रक बनाने के तरीके सिखाए जाएंगे। फसल अमृत भारत अभियान तहत आयोजित शिविर मे कृषि विशेषज्ञ डॉ विवेक त्रिपाठी और डॉ सुनील अग्रवाल मार्गदर्शन देंगे। प्रशिक्षक के रूप में मनोहर गौशाला के ट्रस्टी डॉ. अखिल जैन किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन के तरीके बताएंगे। गोबर और गौ-मूत्र से खाद बनाने, प्राकृतिक कीटनाशक तैयार करने और उन्नत जैविक खेती तकनीकों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल होने वाले किसानों और गौपालकों को अगले प्रशिक्षण में प्रमाण पत्र दिया जाएगा। साथ ही कामधेनु प्रसादम की व्यवस्था भी रहेगी। राजधानी के विमतारा भवन में आयोजित भारतीय जैन संघटना के राज्य अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष नंद किशोर सांखला और प्रदेश अध्यक्ष विजय गंगवाल ने मनोहर गौशाला के ट्रस्टी डॉ अखिल जैन को जैन गौरव अलंकरण से सम्मानित किया। कार्यक्रम में समाज और धर्मसेवा से जुड़े कार्यों को सराहा गया। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि समाजहित और धर्मसेवा के कार्य सामूहिक सहयोग से आगे बढ़ते हैं। डॉ. अखिल जैन ने सम्मान को देव, गुरु और धर्म की कृपा तथा समाज के सहयोग का परिणाम बताया और समाज को समर्पित किया।

# घर में वाद-विवाद पर पुलिस ने की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**राजनांदगांव**। घर व परिवारजनों से विवाद कर शांतिभंग करने के मामले की शिकायत जांच पर पुलिस ने अनावेदक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सुरगी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 23 मार्च को पुलिस चौकी सुरगी को ग्राम उसरीबोड़ से एक महिला द्वारा दूरभाष के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि उसका पति थानसिंह साहू प्रतिदिन नशापान कर घर में विवाद एवं मारपीट करता है तथा परिवार के सदस्यों को कमरे में बंद कर देता है। साथ ही घर के अलमारी का लॉकर बंद कर पत्नी के जेवरात एवं नगदी नहीं दे रहा है। उक्त दिनांक को भी आरोपी द्वारा नशे की हालत में परिवार के साथ झगड़ा किया जा रहा था। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर शिकायत की तस्दीक की गई। जांच एवं पूछताछ के दौरान पाया गया कि आरोपी थानसिंह साहू अपनी पत्नी व बच्चों के साथ लगातार दुर्व्यवहार करता है। पुलिस कार्रवाई के दौरान भी आरोपी द्वारा आक्रोशित होकर विवाद किया गया। जिससे शांति एवं कानून व्यवस्था भंग होने तथा संज्ञेय अपराध घटित होने की संभावना परिलक्षित हुई।

उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते आरोपी थानसिंह साहू 40 वर्ष को धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत गिरफ्तार कर धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत इस्तगाशा तैयार कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# स्टेशन रोड सौंदर्यीकरण के लिए हटाया अतिक्रमण

**राजनांदगांव**। शहर को साफ, सुंदर एवं व्यवस्थित रखने अतिक्रमण मुक्त करने एवं सुगम आवागमन के लिए नगर निगम द्वारा शहर में निरीक्षण कर अवैध रूप से कब्जा करने तथा अतिक्रमण कर ठेला-खोमचा व पसरा लगाने, नाली के उपर अतिक्रमण करने तथा मलमा रखने वालों को स्वयं अतिक्रमण हटाने समझाईस देने व हटाने नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित दस्ता शहर में सुनियोजित अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। बुधवार को कार्रवाई में स्टेशन रोड सौंदर्यीकरण के लिए अभियान चलाकर चबूतरा, शेड, जेसीबी से तोड़ ठेला-गुमटी हटाया गया।

आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए शहर को स्वच्छ, साफ एवं सुंदर रखने तथा सौंदर्यीकरण करने निगम का अतिक्रमण दस्ता शहर के विभिन्न स्थानों में निरीक्षण कर एवं शिकायत के आधार पर अतिक्रमण



स्थल में जाकर हटाने समझाईस देने के साथ-साथ नहीं हटाने पर कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में बुधवार को रेलवे स्टेशन रोड में सौंदर्यीकरण के लिए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान में अतिरिक्त निर्माण, प्लेटफाम व शेड जेसीबी से तोड़ा गया। वहीं ठेला, खोमचा हटाने की कार्रवाई की गई।

उल्लेखनीय है कि स्टेशन रोड का स्वागत द्वार एवं डिवाईडर पुराना होने से खराब स्थिति में आ गई है। जिसका जीर्णोद्धार कर सौंदर्यीकरण महापौर मधुसूदन यादव की पहल पर नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। सौंदर्यीकरण के तहत स्वागत द्वार में मारबल आदि लगाया जाएगा। इसी प्रकार डिवाईडर का मरम्मत कर आकर्षक लाईटें लगाई जा रही है। इसके अलावा रोड में डामरीकरण किया जाना है। ड्रेन टू ड्रेन डामरीकरण के लिए स्टेशन रोड में अतिरिक्त शेड, चबूतरा निर्माण आदि तोड ठेला-खोमचा हटाया गया।

इस दौरान नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा स्टेशन रोड के व्यापारियों से सहयोग करने समझाईस दिए। अतिक्रमण हटाने के दोरान कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे, उप अभियंता मोनेन्द्र साठिया, सह.उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी, समयपाल चिराग मेश्राम, प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी व गणेश झा दस्ता के साथ अतिक्रमण हटाने में लगे रहे।

# घुमका-ठेलकाडीह में विशेष समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राजनांदगांव जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में ग्राम घुमका एवं ठेलकाडीह में आयोजित शिविर का पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने अवलोकन किया। इस दौरान बड़ी संख्या बिजली उपभोक्ताओं को शिरीष सेलट ने योजना के लाभ और पात्रता की विस्तृत जानकारी साझा की।

शिविर के दौरान बीपीएल (गरीबी रेखा के नीचे) श्रेणी के निम्नदाब घरेलू उपभोक्ताओं और कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं का योजना के तहत पंजीयन किया गया। उल्लेखनीय है कि इस योजना के अंतर्गत पात्र उपभोक्ताओं को उनके बकाया बिजली बिल का भुगतान करने पर मूल बकाया राशि और अधिभार (सरचार्ज) में भारी छूट प्रदान की जा रही है। जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और किसानों को बड़ी राहत मिल रही है।




### रियायती योजना की शुरूआत

कार्यपालक निदेशक श्री सेलट ने बताया कि कोरोनाकाल के दौरान उत्पन्न आर्थिक कठिनाइयों के कारण बीपीएल, निम्नदाब घरेलू और अशासकीय कृषि श्रेणी के कई उपभोक्ता 31 मार्च 2023 तक अपने बिलों का भुगतान नहीं कर पाए थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार ने ऐसे उपभोक्ताओं का बोझ कम करने इस रियायती योजना की शुरूआत की है। इस अवसर पर ईई नुरेन्द्र कुमार साहू, कनिष्ठ अभियंता आशीष कच्छवाहा, पूरनलाल कंवर शामिल थे।

# विधायक मंडावी की अनुशंसा से टोहे में पुलिया नेडगांव एवं जामड़ी में सीसी रोड स्वीकृत

- जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की मांग हुई पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी ने विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की मांग पर अति आवश्यक कार्यों की स्वीकृति के लिए अनुशंसा पत्र अधोसंरचना विकास एवं उपकर निधि विभाग को भेजा था, जिस पर स्वीकृति प्रदान किया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत नेडगांव अंतर्गत ग्राम कोंदाबोड़ी में वार्ड नंबर 6 से वार्ड नंबर 7 तक सीसी रोड निर्माण 10 लाख, ग्राम पंचायत तेरेगांव अंतर्गत ग्राम जामड़ी में सीसी रोड निर्माण मानेश घर से राजू टेकाम घर तक 6 लाख, ग्राम पंचायत फुलकोड़ो (चोरियापारा) में सामुदायिक भवन में आहता निर्माण 5 लाख, ग्राम पंचायत टोहे अंतर्गत टोहे से कोतरी मार्ग में पुलिया निर्माण 19 लाख का स्वीकृति प्रदान किया गया है। उक्त कार्यों से ग्रामीणों को लाभ प्राप्त होगा।



ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की मांग पर जनहित में विभिन्न निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान कराने पर जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर, युकां अध्यक्ष मनीष निर्मल, ब्लॉक अध्यक्ष बालचंद कोरेटी, जनपद अध्यक्ष पुष्पा मंडावी, उपाध्यक्ष देवानंद कौशिक, सईदा खान, विधायक प्रतिनिधि ऋषभ ठाकुर, सरपंच हिस्टोरिया चुरेंद्र, रामदास जाड़े, सुकलाल उसारे, परमानंद उसारे, अवध चुरेंद्र, लच्छू साबले, दीनू चौड़िया, सेवा तुलावी, परमेश्वर कोठारी, सागर सिन्हा, तनुज मंडल, बशीर खान, उपेंद्र मिश्रा ने विधायक इंद्रशाह मंडावी का आभार व्यक्त किया है।

# बच्चों को मिली पॉक्सो एक्ट की जानकारी

**खैरागढ़**। ब्लाक के आल्हानवागॉव पूमाशा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनादगांव के तत्वावधान में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान बालिकाओं और महिलाओं से संबंधित अपराध के विषय में पीएलवी गोलूदास साहू ने विस्तार से विधिक जानकारी दी। एडीजे मोहनी कंवर और सचिव निलेश जगदल्ला के मार्गदर्शन में गोलूदास साहू ने बताया गया कि बच्चों का बाल मन शारीरिक, मानसिक रूप से अपरिपक्व होता है ऐसे में वे अपने साथ होने वाली अच्छी या बुरी घटनाओं को बेहतर तरीके से व्यक्त नहीं कर पाते। समाज में आपराधिक प्रवृति के कुछ लोग बच्चो के इसी बालपन का फायदा उठाते है और यौन-शोषण जैसे कुकृत्यों को अंजाम देते है। मासूम इनचीजों के बारे में खुलकर नहीं बता पाते परन्तु उनके मन मे इसका गहरा प्रभाव पड़ता है और वे अपने जीवन भर इन सभी चीजों से बाहर नहीं आ पाते। सरकार द्वारा बच्चो के प्रति होने वाले बाल यौन-अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों को कड़ी सजा देने के लिए पॉक्सो अधिनियम लागू किया गया है।

पीएलवी गोलूदास साहू ने बताया कि पॉक्सो एक्ट के तहत बच्चों के विरुद्ध यौन अपराधों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान रखा गया है। यौन अपराधों में बच्चों का यौन-शोषण, यौन उत्पीडन व पोर्नोग्राफी को शामिल किया गया है। एक्ट के तहत बच्चों के साथ अश्लील हरकत करना, उनके प्राइवेट पार्ट्स को छूना या अपने प्राइवेट पार्ट को टच करवाना, बच्चों को अश्लील फिल्म या पोर्नोग्राफिक कंटेंट दिखाना, बच्चों के शरीर को गलत इरादे से छूना या बच्चों के साथ गलत भावना से की गयी सभी हरकते इस एक्ट के तहत रेप की श्रेणी में रखते हुए इन सभी अपराधों में सजा का प्रावधान किया गया है। पास्को अधिनियम 2012 में बाल यौन शोषण से निपटने के लिए एक विशेष अधिनियम के रूप में अधिनियमित किया गया है। इस दौरान प्रधान पाठक हरिराम सावरकर, शिक्षक महेंद्र कुमार साहू सहित समस्त छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# पीएम राहत योजना के क्रियान्वयन पर कार्यशाला सह प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्ति को मिलेगा कैशलेश उपचार

जिले में प्रधानमंत्री राहत योजना के प्रभावी क्रियांवयन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, पुलिस अधीक्षक लक्ष्य विनोद शर्मा के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सडक़ दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को कैशलेस व त्वरित उपचार उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम में जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतेश गौतम, मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आशीष शर्मा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण हुआ। कार्यशाला में सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा फरवरी 26 में प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री राहत योजना सड़क को दुर्घटना पीड़ितों के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया वही योजना अंतर्गत दुर्घटना तिथि से अधिकतम 7 दिनों तक सूचीबद्ध अस्पतालों में डेढ़ लाख तक का कैशलेस उपचार प्रदान करने की जानकारी दी गई।

### सड़क सुरक्षा को सुदृढ बनाने पर जोर


दुर्घटना बाद त्वरित व सुनिश्चित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराकर घायल व्यक्तियों की जान बचाना व सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यशाला में आयुष्मान भारत जिला नोडल अधिकारी डॉ पंकज वैष्णव, यातायात प्रभारीशिवकुमार गेंदले, आयुष्मान भारत डीपीसी अखिलेश सिंह राजपूत, अरुण सोनी सहित जिले के सभी पंजीकृत व अपंजीकृत शासकीय, निजी अस्पतालों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### बायोमेट्रिक अपडेट को लेकर कलेक्टर सख्त

**खैरागढ़**। बच्चों के आधार कार्ड के बायोमेट्रिक अपडेट को अनिवार्य रूप से कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने 31 मार्च तक अपडेट कराने कहा। आधार अपडेट मे फिंगरप्रिंट, आईरिस स्कैन व नवीन फोटो हैं जिसे लेकर कलेक्टर श्री चंद्रवाल की अध्यक्षता में जिले के सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों के साथ समीक्षा बैठक हुई जहॉ उन्होने 31 मार्च 26 तक निर्धारित लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने कहा। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने 5 से 17 साल तक के बच्चों के लिए आधार बायोमेट्रिक को अनिवार्य कर दिया है इसके अपडेट की सुविधा 30 सितंबर 26 तक निशुल्क उपलब्ध है। बैठक बाद कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने पालको से अपील की है कि वे अपने बच्चों का आधार अपडेट समय पर अवश्य कराएं ताकि उन्हें स्कूल, परीक्षाओं सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। आधार अपडेट के लिए नजदीकी आधार नामांकन केंद्र, स्कूलों में आयोजित विशेष शिविर, बैंक अथवा डाकघर स्थित आधार सेवा केंद्रों का उपयोग किया जा सकता है। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, जिला ई-प्रबंधक मिथिलेश कुमार ठाकुर, जिला समन्वयक पंकज सोलंकी, ई जिला तकनीकी प्रबंधक शुभम भारद्वाज सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## जनभागीदारी से जल संरक्षण संभव : मधु

**राजनांदगांव**। महापौर मधुसूदन यादव ने शहरवासियों को विश्व जल दिवस की शुभकामनाएं देते जल संरक्षण में भागीदारी बनने अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है। इसका प्रमुख उद्देश्य पानी के महत्व को जान पानी बचाने संकल्प लेना है। महापौर श्री यादव ने कहा कि आज पेड़-पौधे कटने के कारण वर्षा ऋतु में पर्याप्त मात्रा में वर्षा नहीं हो पाती है। जिससे पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है। भविष्य में पानी की समस्या से बचने पर्यावरण संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इसी प्रकार जल संरक्षण में भी जनभागीदारी अतिआवश्यक है, क्योंकि जल संरक्षण हमारा दायित्व ही नहीं हमारा कर्तव्य भी है। इसके लिए हमें अपने घरों व आसपास व्यर्थ पानी नहीं बहने देना है। नलों में टोटियों का उपयोग करना है। आवश्यकतानुसार पानी का उपयोग करना है। महापौर श्री यादव ने कहा कि जल स्तर में वृद्धि करने रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सबसे बड़ा उपाय है। सभी लोग अपने घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाएं तथा सोकपीट का निर्माण करें, ताकि घर में उपयोग किया हुआ खराब पानी सोकपीट में जाए और भूमि में नमी बनी रहे। इससे जल स्तर में वृद्धि होगी। उन्होंने विश्व जल दिवस के अवसर पर पानी बचाने संकल्प लेने की अपील की है।



## सार समाचार

### माता देवाला में सिलेंडर नहीं, दर्ज कराया विरोध

**राजनांदगांव।** युवा नेता एवं पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने खाद्य विभाग कार्यालय का घेराव कर विरोध दर्ज कराया।



श्री शास्त्री ने कहा कि "सुशासन के दावे केवल कागजों तक सीमित है। शासन के निर्देशों के बावजूद आवश्यक सेवाओं में इस तरह की लापरवाही पूरी व्यवस्था की सच्चाई सामने ला रही है।" उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग करते कहा कि ड्यूटी पर तैनात जवानों को मूलभूत सुविधाएं तक नहीं मिलना अत्यंत गंभीर विषय है। युवा नेता शिवम गढ़पाले एवं दीनू साहू ने बताया कि प्रतिवर्ष नवरात्रि मेले के दौरान माता देवाला में एलपीजी गैस सिलेंडरों की समुचित व्यवस्था रहती है, किंतु इस वर्ष स्थिति पूरी तरह विपरीत है, जहां पूर्व में निर्बाध गैस आपूर्ति सुनिश्चित रहती थी। वहीं इस बार जवानों एवं कर्मियों को लकड़ी के चूल्हों का सहारा लेना पड़ रहा है। नवरात्रि अवधि में तत्काल गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई है। इस दौरान शिवम गढ़पाले, संदीप डहरे, दीनू साहू, राजा यादव, विनायक राठौड़, फूलेश साहू, अनिल सोनी, टोमन साहू, मोहनीश गेड़ाम सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महंगाई और गैस संकट पर सरकार मौन : ऋषि

**राजनांदगांव।** कांग्रेस के युवा नेता ऋषि शास्त्री ने रसोई गैस की बढ़ती कीमतों और सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर केंद्र और छत्तीसगढ़ की



भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आज हालात ऐसे बन गए हैं कि दिल्ली के सदन से नरेंद्र गायब हैं और आम आदमी की रसोई से गैस सिलेंडर गायब होता जा रहा है। श्री शास्त्री ने कहा कि यदि कहीं सिलेंडर मिल भी रहा है तो उसकी कीमत इतनी अधिक हो चुकी है कि आम परिवार के लिए उसे खरीदना मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि भाजपा ने चुनाव के समय 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा किया था, लेकिन आज हकीकत इसके बिल्कुल उलट नजर आ रही है। आम उपभोक्ताओं को सिलेंडर के लिए भटकना पड़ रहा है और कई जगहों पर कमी की शिकायतें सामने आ रही है। उन्होंने मांग की कि केंद्र और राज्य सरकार रसोई गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करे, अनावश्यक नियम-शर्तों को समाप्त करे और आम जनता को सस्ती दरों पर गैस उपलब्ध कराए, ताकि महंगाई से परेशान परिवारों को राहत मिल सके।

### बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** हिंदू जागरण मंच द्वारा देश के अमर क्रांतिकारियों के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह



कार्यक्रम स्थानीय साइंस कॉलेज परिसर में आयोजित हुआ, जहां संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने महान वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया गया। वक्ताओं ने क्रांतिकारियों के जीवन एवं उनके अदम्य साहस, देशभक्ति और त्याग की भावना पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि इन वीरों ने बहुत कम उम्र में ही मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उनका बलिदान आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम के दौरान "भारत माता की जय" एवं "इंकलाब जिंदाबाद" के नारों से वातावरण गूंज उठा। हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने युवाओं से आह्वान किया कि वे शहीदों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर संगठन के कई प्रमुख पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर शहीदों के बलिदान को नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### शुभम राणा के भजनों की प्रस्तुति आज

**राजनांदगांव।** हिंदू नववर्ष, चैत्र नवरात्रि और रामनवमी पर्व के अवसर पर शहर के सदर बाजार स्थित महालक्ष्मी मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय भव्य



धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 22 से 28 मार्च तक चलेगा। जिसमें प्रतिदिन भजन संध्या आयोजित होंगे। कार्यक्रम का आयोजन श्री महालक्ष्मी उत्सव सेवा समिति राजनांदगांव द्वारा किया जा रहा है।

कार्यक्रम की शुरूआत 22 मार्च को गणेश मिश्रा द्वारा सुंदरकांड एवं निखिल श्याम के भजनों से हुई। 23 मार्च को भाटापारा के भजन गायक पलाश शर्मा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। वहीं कल 24 मार्च को इंदौर के सुप्रसिद्ध गायक शुभम राणा भजन संध्या में अपनी प्रस्तुति देंगे। 25 मार्च को राजनांदगांव के भावेश बैद एवं सजल बैद द्वारा भजन संध्या का आयोजन होगा। 26 मार्च को शाम 4 बजे से महाअष्टमी हवन किया जाएगा। 27 मार्च को माताजी का भंडारा (सवामणी) दोपहर 1 बजे से आयोजित होगा। जिसमें कन्या पूजन एवं प्रसादी भोजन कराया जाएगा। कार्यक्रम 28 मार्च को श्री विष्णु अवतारी बाबा रामदेव के भव्य जम्मा जागरण से होगा। इस अवसर पर महाराष्ट्र के प्रसिद्ध गायक देवेंद्र राठी द्वारा रात्रि 8.30 बजे से जागरण की भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेने और पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### 10 दिन के भीतर समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा

# लखोली में जल संकट पर जनाक्रोश मटके फोड़कर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के लखोली क्षेत्र में पेयजल संकट से जूझ रहे लोगों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। गर्मी के शुरूआती दिनों से पेयजल संकट दिखाई दे रहा है और प्रदर्शन का दौर भी शुरू हो गया है। शहर के लखोली क्षेत्र में जल संकट को लेकर आज युवा कांग्रेस ने वार्ड के लोगों के साथ प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी के नेतृत्व में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने प्रदेश सरकार और नगर निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

पेयजल संकट से जूझ रहे लखोली क्षेत्र के लोगों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मिट्टी के खाली घड़े में मुख्यमंत्री, नगरीय निकाय मंत्री, स्थानीय विधायक, महापौर और संसद की तस्वीर लगाकर मटका फोड़ते हुए प्रदर्शन किया।



**जल्द होगा समाधान**

नगर निगम जल विभाग के कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम ने कहा कि राहुल नगर के कुछ क्षेत्रों में पानी की समस्या है। नई पाईप लाइन का वर्कआर्डर हो चुका है, जल्द समस्या ठीक हो जाएगी। वहीं उन्होंने प्राइवेट कॉलोनी में पानी देने के मामले को लेकर कहा कि मुझे इस संबंध में जानकारी नहीं है।

#### पेयजल आपूर्ति की मांग

इस प्रदर्शन के माध्यम से युवा कांग्रेस ने मांग की है कि लखोली क्षेत्र में नियमित और पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, टैंकर मुक्त शहर का सपना दिखाने वाले पहले टैंकर व्यवस्था को पारदर्शी बनाए और और जिम्मेदार अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई हो। इस प्रदर्शन के दौरान शरद पटेल, गणेश पवार, सौरभ तिवारी, विप्लव शर्मा, राजा यादव, दीपक सिन्हा, मोहित कोचरे, हर्ष मधु साहू, दीपक सोनकर, लोकेश मरकाम, देव, परमानंद, ओंकार दीक्षित सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

#### बड़े आंदोलन की चेतावनी

निखिल द्विवेदी ने सरकार को घेरते कहा कि यह सरकार पूरी तरह से विफल साबित हो चुकी है। 211 करोड़ की अमृत मिशन योजना फेल हो गई, निजी कॉलोनी को पानी तीन टाइम पहुंच रहा है, लेकिन जनता परेशान है। लखोली की जनता पेयजल के लिए तरस रही है और सरकार सिर्फ दिखावटी घोषणाओं में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि यहां निजी कॉलोनी को पानी देने की वजह से यह समस्या हो रही है। अगर 10 दिन के भीतर समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

#### 5-10 मिनट मिल रहा पानी

मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा, दीनू साहू सहित क्षेत्रवासियों ने सरकार को सीधे निशाने पर लेते कहा कि आज हालात इतने खराब हो चुके हैं कि लोगों को पीने के पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। यह सिर्फ प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि जनता के साथ खुला अन्याय है। वहीं क्षेत्र के लोगों ने कहा कि लगभग 2 साल से इस तरह की समस्या बनी हुई है। पानी का टैंकर आता है तो लड़ाई -झगड़े की स्थिति बन जाती है और नल से सिर्फ 5-10 मिनट ही पानी आता है।

### सर्वेक्षण समिति की बैठक 30 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में आगामी 30 मार्च को सुबह 11 बजे जिला कार्यालय के अपर कलेक्टर कक्ष क्रमांक 30 में मैनुअल स्कैवेंजर्स के तहत हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं जिला स्तरीय सर्वेक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई है।

बैठक में समिति के सभी सदस्यों से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### मानिटरिंग समिति की बैठक 30 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में आगामी 30 मार्च को सुबह 11 बजे जिला कार्यालय के अपर कलेक्टर कक्ष क्रमांक 30 में अनुसूचित जाति व जनजाति (अत्याचार निवारण) नियम के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में समिति के सभी सदस्यों से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

## भंते संघ के सानिध्य में 14 अप्रैल को मनाई जाएगी अंबेडकर जयंती

**राजनांदगांव।** बौद्ध समाज द्वारा 14 अप्रैल को डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर जयंती को भव्य रूप से मनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक भंते संघ के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुई। जिसमें समाज के सभी वार्ड अध्यक्षों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

बैठक के दौरान सदस्यों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए और सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को एकजुट होकर भव्य और गरिमामय तरीके से मनाया जाएगा। सभी ने इस आयोजन को सफल बनाने सामूहिक सहयोग और सहभागिता पर जोर दिया।

बौद्ध समाज के मीडिया प्रभारी विनोद श्रीरंग ने बताया कि इस आयोजन को विशेष रूप देने के लिए भंते संघ के मार्गदर्शन में एक आयोजन समिति का



गठन भी किया गया है, जो कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर उसे सफल बनाएगी।

बैठक में समाज के सभी वार्डों के अध्यक्षों की सक्रिय उपस्थिति रही। जिससे यह स्पष्ट हुआ कि समाज इस आयोजन को लेकर पूरी तरह संगठित और उत्साहित है। इस संबंध में जानकारी बौद्ध कल्याण समिति के विनोद श्रीरंगे एवं मनीष सिमनकर द्वारा साझा की गई।

### गांव में घूमकर किया वाद-विवाद, पांच पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गांव में घूम-घूमकर अनावश्यक रूप से वाद-विवाद करने की सूचना पर पांच अनावेदक के खिलाफ तुमडीबोड़ पुलिस चौकी क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमडीबोड़ पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 21 मार्च को ग्राम तिलईरवार में पांच अनावेदकों द्वारा संदिग्ध अवस्था में घूम-घूमकर लोगों से अनावश्यक वाद-विवाद कर शांतिभंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने से रोकने हेतु दोनों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर पृथक से धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर इस्तगासा तैयार कर न्यायालय जिला राजनांदगांव में पेश किया गया है। अनावेदकों में एक पुरूष व चार महिलाएं हैं, जो कन्हान जिला नागपुर निवासी हैं।

## दो मानव संचालित समपार फाटक स्थायी रूप से बंद

**राजनांदगांव।** जनहित एवं सुरक्षित रेल संचालन को ध्यान में रखते दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा डोंगरगढ़-राजनांदगांव रेलखंड के मध्य स्थित दो मानव संचालित समपार फाटकों को स्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया गया है।

इन समपार फाटकों के स्थान पर रोड ओवरब्रिज का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। जिसके पश्चात 25 मार्च को सुबह 10 बजे से इन फाटकों को सभी प्रकार के सड़क यातायात के लिए स्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार बंद किए जाने वाले समपार फाटकों में समपार फाटक क्र. 469 (किमी 915/30-32) जटकन्हार सेक्शन, मुसरा रोड, समपार फाटक क्र. 463 (किमी 903/29-31) राजनांदगांव-बाकल सेक्शन बरघा रोड शामिल है। उक्त दोनों समपार फाटकों के बंद होने के पश्चात समस्त सड़क यातायात को नव-निर्मित रोड ओवरब्रिज के माध्यम से संचालित किया जाएगा। रेलवे प्रशासन द्वारा यह निर्णय यात्रियों एवं आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा रेल एवं सड़क यातायात को अधिक सुगम एवं निर्बाध बनाने के उद्देश्य से लिया गया है।

### शोभायात्रा...



**राजनांदगांव।** राजपूत क्षेत्रीय महासभा का सम्मेलन चिखली सामुदायिक भवन में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें शोभायात्रा और कलशयात्रा निकाली गई। जिसमें समाज की लड़कियों व महिलाओं द्वारा तलवारबाजी का प्रदर्शन किया गया।

### मोडिफाई साइलेंसर, वाहन चालक पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** वाहन में मोडिफाई साइलेंसर लगाकर तेज आवाज करने वालों के खिलाफ वाहन चलाने तुमडीबोड़ पुलिस चौकी में कार्रवाई की गई है।

पुलिस चौकी तुमड़ीबोड क्षेत्र अंतर्गत 23 मार्च को रात्रि में वाहन में मोडिफाई साइलेंसर लगाकर तेज आवाज करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अभियान चलाया गया है। जिसके तहत वाहन चालक यश वर्मा 24 साल निवासी नंदनी जिला दुर्ग, समीर यादव 25 साल निवासी नंदनी जिला दुर्ग एवं अन्य पर मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज पटाखेदार आवाज निकालने, बिना हेलमेट खतरनाक तरीके से वाहन चलाने पर मोटरयान अधिनियम के तहत कुल 16500 सोलह हजार पांच सौ रुपए की चालानी कार्रवाई की गई।

## प्रबंध निदेशक ने बिजली बिल भुगतान समाधान शिविर का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीमसिंह कंवर द्वारा मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना (एमबीबीएस) के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु राजनांदगांव जिले में आयोजित शिविरों का औचक निरीक्षण किया गया।

प्रबंध निदेशक श्री कंवर ने समाजसेवी नीरज बाजपेयी के साथ ग्राम बोरी में आयोजित शिविर में बिजली उपभोक्ताओं को योजना के लाभ और पात्रता की विस्तृत जानकारी साझा की। शिविर में समाधान योजना के तहत बीपीएल, निम्नदाब घरेलू और अशासकीय कृषि श्रेणी के कुल 13 हितग्राहियों का त्वरित पंजीयन किया गया। एमडी श्री कंवर ने शिविर स्थल पर योजना के तहत पंजीकृत उपभोक्ता को किस्तों में बकाया राशि भुगतान की सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान उनके द्वारा पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना एवं समाधान योजना के हितग्राहियों को प्रमाण देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रबंध निदेशक श्री कंवर ने कहा कि इस योजना के तहत सभी पात्र उपभोक्ताओं को लाभ दिलाना ही हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना (एमबीबीएस) के सफल क्रियान्वयन हेतु पात्र हितग्राहियों को चिन्हाकित कर अधिकाधिक संख्या में जोड़ा जाए। पंजीयन की प्रक्रिया को



सरल एवं पारदर्शी बनाकर इस योजना के दायरे में आने वाले बीपीएल, निम्नदाब घरेलू और अशासकीय कृषि श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित किया जाए। सभी मैदानी अधिकारी योजना को अधिक प्रभावी बनाने युद्धस्तर पर जुट जाए। इस योजना के क्रियान्वयन में कोताही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एमडी श्री कंवर ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के हितग्राहियों से फीडबैक लेकर अन्य उपभोक्ताओं को लाभ दिलाने हेतु संकल्प लेने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के तहत उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील करते कहा है कि कोरोनाकाल के दौरान उत्पन्न आर्थिक कठिनाइयों के कारण बीपीएल, निम्नदाब घरेलू और अशासकीय कृषि श्रेणी के कई उपभोक्ता 31 मार्च 2023 तक अपने बिलों का भुगतान नहीं कर पाए थे।

इस अवसर पर शिरीष सेलट, शंकेश्वर कंवर, कौशलेन्द्र पाण्डे, कुबेर सिंह मरकाम, मोनिका शाह मंडावी सहित ग्राम बोरी के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

## महाकाल मंदिर सिंघोला में अखंड ज्योत प्रज्वलित

**राजनांदगांव।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर सिंघोला स्थित प्रसिद्ध महाकाल मंदिर में इस वर्ष भी विधि-विधान से घी की अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई है। श्रद्धा और भक्ति के इस विशेष आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में महाकाल भक्त दर्शन हेतु मंदिर पहुंच रहे हैं।

नवरात्रि प्रारंभ होते ही महाकाल मंदिर में धार्मिक माहौल और भी अधिक भक्तिमय हो गया है। मंदिर परिसर में माता के जयकारों और भजन-कीर्तन से वातावरण गूंज रहा है। अखंड ज्योत के दर्शन को अत्यंत शुभ माना जाता है। जिसके चलते



सुबह से लेकर देर शाम तक भक्तों का तांता लगा रहता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार नवरात्रि में अखंड ज्योत जलाने से घर-परिवार में सुख-समृद्धि और शांति का वास होता है। मंदिर समिति द्वारा विशेष व्यवस्था कर अखंड ज्योत को निरंतर प्रज्वलित रखा जा रहा है। जिससे भक्तजन दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित कर सकें। मंदिर प्रबंधन से जुड़े पवन डागा द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए साफ-सफाई, जल व्यवस्था एवं सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं।

### होली पर्व के बाद 16 दिनों तक शिव-पार्वती की हुई पूजा

# शोभायात्रा निकालकर ईसर गणगौर का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया पर शनिवार को गणगौर पर्व का समापन हुआ। इस अवसर पर विसर्जन शोभायात्रा निकालकर कन्याओं और नवविवाहितों एवं महिलाओं द्वारा मां शीतला मंदिर स्थित बूढ़ातालाब में गणगौर का विधि-विधान से विसर्जन किया गया। सुबह से ही श्रद्धालु पूजा-पाठ व ईसर गणगौर के गीतों में लीन रहे।

प्रेम और पारिवारिक सौहार्द्र के साथ श्रद्धा-भक्ति व आस्था का पर्व गणगौर राजस्थान का मूल पर्व होने के साथ ही देश के विभिन्न हिस्सों में भी श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया जाता है। जिसमें भवगान शंकर व माता पार्वती के स्वरूप को गणगौर के रूप में पूजा जाता है। इस पर्व को लेकर कन्याओं, नवविवाहितों व महिलाओं में विशेष उत्साह बना रहता है।

#### विधि-विधान से हुई पूजा-अर्चना

घरों, मंदिरों व सामाजिक भवनों में स्थापित की गई भगवान शिव व शक्ति के स्वरूप ईसर गणगौर की पूजा-अर्चना में विशेष प्रकार के पकवान, श्रृंगार सामग्री, दुबी व जल के साथ ही कुमकुम, हल्दी, मेहंदी, काजल की बिंदी लगाकर विधि-विधान व पारंपरिक गीतों के माध्यम से की गई।

#### सुख-समृद्धि की कामना


इस पर्व को मानने वाले लोगों में से बहुत सी विवाहित महिलाएं गणगौर पर्व पर अपने पति की लंबी उम्र की कामना के साथ ही परिवार की सुख-समृद्धि व उन्नति के लिए व्रत रखकर उद्यापन भी करती हैं। इस पूजा में 16 दिनों का विशेष महत्व होता है, क्योंकि 16 दिनों तक ही शिव-पार्वती गणगौर के रूप में पूजे जाते हैं। वहीं इसमें सभी प्रकार की पूजन सामग्री व 16 श्रृंगार भगवान को भक्तों द्वारा अर्पित किए जाते हैं। वहीं उद्यापन में 16 महिलाओं को पूजन पश्चात प्रसादी दी जाती है।



#### पूजन में दातून व पानी पिलाने का विशेष महत्व

चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया के दिन पड़ने वाली गणगौर पर्व के दिन दातून का विशेष महत्व होता है। जिसमें आम व अन्य वृक्षों के छोटी-छोटी 16 दातून बनाकर भगवान को अर्पित की जाती है। वहीं संध्या विसर्जन पूर्व कन्याएं, महिलाएं व इस पर्व को मानने वाले लोग गणगौर को सिक्के, चांदी व सोने की अंगूठी से भगवान को पानी पिलाकर अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए वरदान मांगते हैं। इसके पश्चात विशाल शोभायात्रा के रूप में विभिन्न घरों, सामाजिक भवनों व मंदिरों में स्थापित ईसर गणगौर की शोभायात्रा निकाली जाती है। शोभायात्रा पश्चात गणगौर का विसर्जन मां शीतला मंदिर स्थित बूढ़ासागर में किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 13,500/
By Train-रिजर्वेशन कोच
23 जून, 7 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोटः-अमरनाथ यात्रा का रजिस्ट्रेशन 13 अप्रैल 2026 से शुरू होने की संभावना है। अतः जो भी श्रद्धालु यात्रा पर जाना चाहते हैं, वे समय पर अपना रजिस्ट्रेशन एवं आवश्यक मेडिकल सर्टिफिकेट बनवा लें।
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### हेमचंद विविः सेमेस्टर परीक्षा परिणाम जारी

**कवर्धा।** दुर्ग हेमचंद यादव विवि ने सेमेस्टर परीक्षा दिसंबर-जनवरी 2025-26 का परिणाम जारी किया है। यह परिणाम विवि की वेबसाइट पर अपलोड की गई है। इसमें एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर (एटीकेटी) का ओवरऑल परिणाम 71.74 प्रतिशत, एलएलबी चतुर्थ सेमेस्टर (एटीकेटी) 76.92 प्रतिशत, एलएलबी षष्ठम सेमेस्टर (एटीकेटी) 90 प्रतिशत, एलएलएम प्रथम सेमेस्टर 76.19 व तृतीय सेमेस्टर का 86.11 प्रतिशत रहा है।

# भगवान शिव के पूजन से भोग व मोक्ष दोनों मिलता हैः स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

ग्राम जुनवानी नर्मदा धाम में जिला साहू संघ और मां कर्मा माता मंदिर समिति द्वारा पावन यज्ञ एवं श्रीशिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है, पंचकुंडीय श्रीरुद्र महायज्ञ एवं श्रीशिव महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस में दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि जो धर्म के अनुसार चले वो धार्मिक है, धर्म क्या है वेद भगवान ने जो कहा है जो वेदों के अनुकूल है वो धर्म है। अज्ञान और द्वैत के कारण क्रोध उत्पन्न होता है यह नरक का द्वार है। कलियुग में पार्थिव लिंग की विशेष महिमा है बहुत अधिक पुण्य मिलता है। सतयुग में रत्नों के लिंग, त्रेता में सोने के शिवलिंग, द्वापरयुग में जैसे पुरियों में काशी श्रेष्ठ है, वैसे ही समस्त शिवलिंग में पार्थिव शिवलिंग श्रेष्ठ है जिससे सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। विद्या प्राप्ति के लिए एक हजार पार्थिव शिवलिंग की पूजा करें, धन प्राप्ति के लिए पांच सौ पार्थिव शिवलिंग की पूजा करें, पुत्र प्राप्ति के लिए डेढ़ हजार पार्थिव शिवलिंग की पूजा करें, मोक्ष प्राप्ति के लिए एक करोड़ पार्थिव शिवलिंग की पूजा करें, लक्ष्मी प्राप्ति के लिए कमल बिल्वपत्र, शतपत्र और खड़ा चांवल से पार्थिव शिवलिंग की पूजन करें, शीघ्र धन प्राप्ति के लिए एक लाख की ये संख्या में



कमल, शतपत्र आदि से पार्थिव शिवलिंग की पूजा करें, राज्य प्राप्ति के लिए दस करोड़ पार्थिव शिवलिंग की पूजा करें, आयु प्राप्ति के लिए दुर्वा से पार्थिव शिवलिंग की पूजा करें, भोग और मोक्ष प्राप्ति के लिए तुलसी से पार्थिव शिवलिंग की पूजा करें, प्रताप के लिए श्वेत अर्क मंदार, अपामार्ग से, रोग और शत्रु दूर करने जपाकुसुम से, मुक्ति के लिए शमीपत्र, अन्न के लिए यूथिका, सम्पत्ति व वस्त्र के लिए कनेर से पूजन करें, वंश वृद्धि के लिए घी से शिव का अभिषेक करें, बुद्धि के लिए मिठे दूध से, उच्चाटन व कलह दूर करने दूध से, शत्रुभय से बचने तेल से, भोग सामग्री वृद्धि सुगंधित तेल, शत्रुनाश के लिए सरसों के तेल से, भोग व मोक्ष प्राप्ति के लिए गंगा जल से शिव जी का उच्च अभिषेक करना चाहिए। कुबेर जैसे बनने के लिए शिव के मंदिर में दीप दान करें, दीपक जलाएं प्रकाशित करें शिवालयों को नारद मोह के प्रसंग का बहुत ही रोचक वर्णन किया गया स्वामी द्वारा छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक, अपूर्व और अद्वितीय सवा लाख शिवलिंग का मंदिर बन रहा है। जिसमें 51 सौ रुपए देकर पति-पत्नी अपने नाम से, या अपने पूर्वजों के नाम से या अपने बच्चों के नाम से एक शिवलिंग की स्थापना करा सकते हैं। या अपने परिवार के किसी भी सदस्य के नाम से शिवलिंग की स्थापना करा सकते हैं।

**सौगात:** डिप्टी सीएम ने ग्राम बद्दो में किया भोरमदेव सकरी नहर विस्तार कार्य का भूमिपूजन

# किसानों के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही छत्तीसगढ़ सरकार : विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

चैत्र नवरात्रि की पावन तिथि के अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत सुंदूर वनांचल ग्राम बद्दो में किसानों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने 11.49 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले भोरमदेव सकरी फीडर नहर विस्तारीकरण कार्य का विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पूर्ण होने पर क्षेत्र के 6 गांवों के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। नहर विस्तारीकरण के माध्यम से लगभग 770 हेक्टेयर कृषि भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे किसानों की उत्पादन क्षमता में वृद्धि के साथ-साथ उनकी आय में भी बढ़ोतरी होगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि भोरमदेव सकरी फीडर नहर के विस्तार से क्षेत्र के हजारों किसानों को बड़ा लाभ मिलेगा। इस नहर से खेतों तक पानी आसानी से पहुंचेगा और खेती में सुधार होगा। उन्होंने बताया कि 770 हेक्टेयर जमीन को स्थायी सिंचाई की सुविधा मिलेगी, जिससे फसल अच्छी होगी और किसानों की आमदनी बढ़ेगी, इससे गांव की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सरकार का मकसद सिर्फ निर्माण करना नहीं, बल्कि ऐसे काम करना है जिससे किसानों का जीवन बेहतर हो। उन्होंने कहा कि इस बड़ी परियोजना की शुरुआत यह दर्शाती है कि वर्तमान सरकार वनांचल क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता दे रही है। सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि दूरस्थ और पिछड़े क्षेत्रों तक भी विकास की योजनाएं पहुंचे और वहां के लोगों को इसका पूरा लाभ मिल सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भोरमदेव सकरी फीडर नहर के विस्तारीकरण कार्य को सफल बनाने के लिए जन सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि इस तरह की बड़ी परियोजनाएं तभी समय पर और बेहतर तरीके से पूरी हो पाती हैं, जब स्थानीय लोगों, विशेषकर किसानों का पूरा सहयोग मिलता है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि यह नहर उनके ही हित में बनाई जा रही है। सभी गांवों के किसानों की सहभागिता और सहयोग से ही इस परियोजना को तेजी से पूरा किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जब जनभागीदारी के साथ विकास कार्य होते हैं, तो उनका लाभ भी लंबे समय तक और प्रभावी रूप से मिलता है। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिले में चल रहे विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यो की विस्तृत जानकारी भी साझा की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में सड़क, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर क्षेत्र में संतुलित विकास हो और गांव-गांव तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचें। इसके लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं और अनेक कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। कार्यक्रम में भगत पटेल, ईश्वरी साहू, नितेश अग्रवाल, नन्द श्रीवास, रामकिंकर वर्मा, लोकचंद साहू सहित आसपास क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व ग्रामवासी उपस्थित थें।



### योजना से बहुउद्देशीय लाभ

इस योजना से 635 हेक्टेयर क्षेत्र में कमी की पूर्ति सहित 770 हेक्टेयर रूपांकित क्षेत्र में खरीफ सिंचाई होगी। असिंचित क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होने पर कृषि भूमि की दरों में उन्नयन होगा। नहरों के सर्विस बैंक निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। साथ ही सिंचाई सुविधा मिलने से किसान अब एक से अधिक फसल लेने में सक्षम होंगे, जिससे उनकी आय में बढ़ोतरी होगी और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। यह योजना क्षेत्र के किसानों के लिए दीर्घकालीन रूप से लाभकारी साबित होगी और ग्रामीण विकास को नई दिशा मिलेगी।

### योजना से लाभन्वित ग्राम

परियोजना के पूर्ण होने पर बाघुटोला, लाटा, खिरसाली, बद्दो, रघ्घुपारा एवं छपरी सहित कुल 6 ग्रामों के किसानों को सीधा लाभ प्राप्त होगा। इस नहर विस्तारीकरण के माध्यम से लगभग 770 हेक्टेयर कृषि भूमि में खरीफ सिंचाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इससे इन गांवों के किसानों को समय पर पानी उपलब्ध होगा, जिससे फसलों की पैदावार में वृद्धि होगी।

# महिला पतंजलि योग समिति ने नवरात्रि पर हवन कर मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

- प्रतिभागी बहनों के उत्साहवर्धन के लिए पुरूस्कार देकर किया सम्मानित।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

रविवार को महिला पतंजलि योग समिति कवर्धा की बहनों ने नवरात्रि के पवित्र पावन पर्व पर हवन कर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिले की प्रभारी उमा भारती द्वारा हवन कर मां आदि शक्ति मां भवानी की पूजा अर्चना के साथ किया। तत्पश्चात दीप प्रज्जवलन कर आए हुए अतिथियों का सम्मान इशिता द्वारा स्वागत नृत्य की प्रस्तुति देकर किया गया, आए हुए सभी मातृ शक्ति बहनों का सम्मान जिले की महामंत्री ज्योति शुक्ला द्वारा किया गया।

महिला पतंजलि योग समिति की सह राज्य प्रभारी गंगा अग्रवाल द्वारा आए सभी बहनों को नवरात्रि व अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामना देते हुए महिलाओं के आत्म सम्मान और देश, राष्ट्र समाज में उनकी समान भागीदारी पर प्रकाश डालने के साथ साथ खुद को स्वस्थ्य रखते हुए योग प्राणायाम करने को कहा और ध्यान योग कराया। वहीं राज्य कार्यकारिणी सदस्य ममता ने सभी बहनों को आज के समय में महिलाएं जहां हर क्षेत्र में पूरी तत्परता से आगे बढ़ रही हैं, वहीं खुद को योग प्राणायाम करने और महिलाओं को अधिक से अधिक योग के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया।



मुख्य अतिथि एडवोकेट उज्जवला सिंह द्वारा सभी बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज का गौरव, मान बढ़ाने में महिलाओं की मुख्य भूमिका रही है, महिलाएं हर क्षेत्र में एक बड़ी भूमिका निभा रही हैं और परिवार के साथ-साथ सामाजिक विकास में एक बड़ा योगदान दे रही है। उन्होंने महिला पतंजलि योग समिति की सभी बहनों को कार्यक्रम के लिए उनका उत्साहवर्धन किया।

विशिष्ट अतिथि ममता ठाकुर द्वारा छत्तीसगढ़ी गीत गाकर बहनों को उत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन भारती शर्मा द्वारा किया गया, महिमा द्वारा योग प्रदर्शन किया गया, साथ ही बहनों द्वारा खेल, नृत्य, कविता व अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अभिव्यक्ति दी गई। प्रतिभागी बहनों के उत्साहवर्धन के लिए उन्हें पुरस्कृत किया गया। प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन संगठन की महामंत्री ज्योति शुक्ला द्वारा आभार व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से छात्रानि संगठन की बहनें व महिला पतंजलि योग समिति की जिला कार्यकारिणी सदस्या मीनाक्षी ठाकुर, महामंत्री विनीता चंद्रवंशी, पंडरिया तहसील प्रभारी सीमा ताम्रकार, तहसील संगठन मंत्री लता जायसवाल, मंजू दुबे, संगीता गुप्ता, श्रद्धा, रूद्राणी, प्रभा, शीला, सरिता, ममता, नीतू, राजेश्वरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बहन उपस्थित थें।

# लगातार महंगाई बढ़ने से आम नागरिक परेशान

- खाने का तेल व, गैस सिलेंडर महंगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

प्रदेश भर में लगातार बढ़ती महंगाई से आम नागरिकों की परेशानी दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। घरेलू उपयोग की आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं, जिससे आम और गरीब वर्ग के लिए घर चलाना मुश्किल होता जा रहा है। हालात यह हैं कि खाने में उपयोग होने वाला फली तेल का एक टिन बाजार में करीब 2650 में बिक रहा है, वहीं कुछ दिन पहले ही रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 60 की बढ़ोतरी कर दी गई, जिससे आम लोगों के बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।



ग्रामीण और मजदूर वर्ग जो रोज कमाकर अपना परिवार चलाते हैं, उनके लिए यह महंगाई सबसे ज्यादा परेशानी का कारण बनते जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार सुबह से शाम तक मेहनत करने के बाद भी घर का खर्च निकालना कठिन होते जा रहा है। वहीं शादी-विवाह के इस सीजन में घरेलू खर्च और बढ़ जाता है। ऐसे में गैस सिलेंडर और खाने के तेल जैसे जरूरी सामान के दाम बढ़ने से लोगों को आर्थिक दबाव झेलना पड़ रहा है। आम नागरिकों का कहना है कि महंगाई पर नियंत्रण नहीं होने से सभी वर्गो के लिए जीवन-यापन करना कठिन होता जा रहा है। जरूरत की चीजें खरीदते समय लोगों को कई बार सोचने पर मजबूर होना पड़ रहा है। जिस पर आम नागरिकों ने सरकार से मांग की है कि बढ़ती महंगाई पर जल्द से जल्द नियंत्रण किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# शासकीय हाई स्कूल बेंदरची में शहीद दिवस मनाया गया



- छात्राओं ने निंबध व चित्रकला प्रदर्शनी आयोजित किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

आचार्य पंथ श्री प्रकाश मुनि नाम साहेब शासकीय हाई स्कूल बेंदरची में शहीद दिवस पर छात्र-छात्राओं द्वारा भारत माता के वीर सपूतों राजगुरु, भगतसिंह एवं सुखदेव के जीवनी पर निबंध एवं चित्रकला प्रदर्शनी आयोजित किया गया।

इस बीच शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष हरिराम साहू ने वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा की 23 मार्च एक ऐसा दिन हैं जो हमारे देश के इतिहास में हमेशा के लिए अमर हो गया है। आज ही के दिन 1931 में भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। ये तीनों वीर सपूत देश की स्वतंत्रता के लिए लड़ते हुए हंसते हंसते फांसी को स्वीकार कर शहीद हो गए और उनके बलिदान ने पूरे देश को एक नई दिशा दी।

भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की जीवनी हमें साहस, देशभक्ति और बलिदान की प्रेरणा देती है। आज के दिन हमें अपने देश के लिए कुछ करने की प्रेरणा मिलती है। हमें अपने देश की आजादी के लिए लड़ने वाले शहीदों को याद करना चाहिए और उनके बलिदान को सम्मान देना चाहिए। हमें अपने देश के लिए कुछ करने की कोशिश करनी चाहिए, ताकि हम भी अपने देश के लिए कुछ कर सके। इस बीच हाई स्कूल बेदरची के शिक्षिका श्रीमती पूर्णिमा चंद्रवंशी, कमलेश्वरी ठाकुर, पुष्पांजलि चंद्रकार सहित कक्षा 9वीं के छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

# किसान के तिवरा फसल में लगाई आग उपज जलकर खाक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा जिले के भोरमदेव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिखली में एक गरीब किसान की मेहनत पर अज्ञात व्यक्ति ने पानी फेर दिया। गांव के किसान रमेश्वर के खेत में रखी लगभग दो एकड़ तिवरा फसल की खरही में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगा दी, जिससे पूरी फसल जलकर खाक हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस आगजनी की घटना में करीब 20 क्विंटल तिवरा फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। जिससे ग्रामीण किसान को भारी नुकसान हुई है। किसान रमेश्वर ने बताया कि लगभग 60 हजार रूपए की आर्थिक क्षति हुई है। यह फसल उसके परिवार के लिए आय का मुख्य साधन थी, जिसके नष्ट होने से परिवार पर संकट खड़ा हो गया है। घटना के बाद किसान और उसके परिवार में गहरा दुख और आक्रोश व्याप्त है। वहीं पीड़ित किसान ने भोरमदेव थाना में अज्ञात आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है। साथ ही उसने शासन प्रशासन से आगजनी में नुकसान फसल की मुआवजा दिलाए जाने कि अपील की है ताकि उसे कुछ राहत मिल सके। इस आगजनी घटना के बाद क्षेत्र के अन्य किसानों में भी डर और चिंता का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार की घटनाएं किसानों की सुरक्षा और उनकी मेहनत पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। जिस पर शासन प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द मामले की जांच कर दोषियों को पकड़कर सख्त कार्यवाही दी जाए और पीड़ित किसान को उचित सहायता प्रदान की जाएं।

**NAME CHANGE OF A MINOR**

I, **BALARAM NETAM** S/O **PHAGUWA NETAM** R/O- Gram-niwaspur, post- Usarwahi PO: Usarwahi, DIST:Kawardha Chhattisgarh- 491888 have change the name of my minor daughter **DOMIN DHURVE** aged **16 Years** and she shall hereafter be known as **SANGITA**.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**BALARAM NETAM**
**[Signature of Guardian]**

**NAME CHANGE**

I hitherto known as **BISAL PATEL S/O CHAMARU PATEL** R/o House no 94 ward no 08 Keshaligodan, Kawardha, Chhattisgarh-491559 have changed my name and shall hereafter be known as **VISHAL**..

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**BISAL PATEL**
**Signature (in existing Old Name)**

# श्रीमद् भागवत कथा सुनने उमड़ रही भक्तों की भारी भीड़, क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

धर्म नगरी ग्राम कुण्डा के धराधाम में स्व. नकुल प्रसाद पांडेय के वार्षिक श्राद्ध पर नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कुण्डा सहित आसपास क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथावाचक ने भगवान श्रीकृष्ण-रुखमणी विवाह की कथा भक्तजनों को सुनाई गई। भागवत कथा के व्यास पीठ पर कथावाचक आचार्य पं नूतन शर्मा कुण्डा वाले ने पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं, उनमें गाये जाने वाले पंच गीत, भागवत के पंच प्राण हैं, जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है। वह भव पार हो जाता है। उसे वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती हैं। महाराज ने कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, उद्धव-गोपी संवाद, द्वारिका की स्थापना, श्रीकृष्ण-रुखमणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया।



आस्था और विश्वास के साथ भगवत प्राप्ति आवश्यक हैं। भगवत प्राप्ति के लिए निश्चय और परिश्रम भी जरूरी हैं। भगवान श्रीकृष्ण-रुखमणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। कथा के दौरान भक्तिमय संगीत ने श्रोताओं को आनंद से परिपूर्ण किया। उन्होंने कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुखमणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं, उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है।

आचार्य ने भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि भगवान का प्रथम विवाह विदर्भ की राजकुमारी रुखमणी के साथ संपन्न हुआ। इस कथा के माध्यम से उन्होंने बताया कि रुखमणी स्वयं साक्षात लक्ष्मी हैं और वह नारायण से दूर रह ही नही सकती, यदि जीव अपने धन अर्थात लक्ष्मी को भगवान के काम में लगाए तो ठीक, नहीं तो फिर वह धन चोरी द्वारा, बीमारी द्वारा या अन्य मार्ग से हरण हो ही जाता है। धन को सदैव परमार्थ में लगाना चाहिए।

कथा के दौरान भक्तिमय संगीत ने श्रोताओं को आनंद से परिपूर्ण किया भागवत कथा के छठे दिन कथा स्थल पर रूखमणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रीकृष्ण-रूखमणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई संस्कार युक्त जीवन जीने से मिलती है मुक्ति कथावाचक ने कहा कि जो व्यक्ति संस्कार युक्त जीवन जीता है वह जीवन में कभी कष्ट नहीं पा सकता। व्यक्ति के दैनिक दिनचर्या के संबंध में उन्होंने कहा कि ब्रह्म मुहूर्त में उठना दैनिक कार्यों से निर्वत होकर यज्ञ करना, तर्पण करना, प्रतिदिन गाय को रोटी देने के बाद स्वयं भोजन करने वाले व्यक्ति पर ईश्वर सदैव प्रसन्न रहता है। आज की कथा में विशेष रूप से महादेव चंद्राकर, दिनेश पांडेय, सुरज चंद्राकर, मानू पांडेय, धनश्याम पांडेय सहित महिलाएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटनो के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जिला कारागार का किया गया निरीक्षण

**कवर्धा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सालसा के निर्देशानुसार गठित बोर्ड ऑफ विजिटर्स तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित एम्पावर्ड समिति द्वारा कबीरधाम में कारागार निरीक्षण 23 मार्च को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अमन तिग्गा, अतिरिक्त कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह बघेल, लोक निर्माण विभाग से एलआर छतरे एवं जेल मैनुअल 2016 के तहत गठित समिति के अन्य सदस्यगणों के साथ किया गया। इस दौरान जेल के बैरकों, जाति आधारित भेदभावपूर्ण प्रथायें, स्नानागार, जेल परिसर में स्वच्छता एवं बंदियों के भोजन एवं स्वास्थ्य सुरक्षा पर अवलोकन कर निरीक्षण किया गया। उन्होंने जेल परिसर का निरीक्षण करते हुए बैरकों की क्षमता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधा, स्वच्छता एवं बैरकों में रखे जाने वाले बंदियों की संख्या, रसोई कक्ष की स्वच्छता, पीने के पानी तथा भोजन की गुणवत्ता, बंदियों के लिए खेल एवं व्यायाम के साधन व प्रशिक्षण की जानकारी, जेल परिसर के बागवानी की स्वच्छता के संबंध में भ्रमण कर जानकारी ली गई।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन तिथि बढ़ाई गई

**कवर्धा।** पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत महाविद्यालय में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्रता रखने वाले विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति पंजीयन, वितरण की कार्यवाही ऑनलाइन माध्यम से प्रारंभ किया गया है। विद्यार्थियों के आवेदनों एवं संस्थाओं के प्रस्ताव वर्ष 2025-26 के लिए तिथि में वृद्धि की गई है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने के लिए समय सीमा 23 मार्च से 27 मार्च तक निर्धारित की गई है। इसी तरह प्रपोजल लॉक करने के लिए 23 मार्च से 29 मार्च तक और सेक्शन ऑर्डर लॉक करने के लिए 23 मार्च से 30 मार्च 2026 तक अवधि निर्धारित की गई है।

# चैत्र नवरात्रि पंचमी पर कवर्धा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, मंदिरों में दिखा भक्तों का सैलाब

- सुबह से देररात तक मंदिरों में लगी रही दर्शनार्थियों की भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

चैत्र नवरात्र की पंचमी तिथि पर 23 मार्च को कवर्धा नगर सहित आसपास के अंचलों में स्थित शक्तिपीठों एवं देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही भक्तों का मंदिरों की ओर रुख शुरू हो गया, जो देर रात तक जारी रहा। पूरे नगर में भक्ति, आस्था और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। नगर के प्रमुख देवी मंदिरो-मां विंध्यवासिनी मंदिर, मां काली मंदिर, मां दुर्गा मंदिर, मां परमेश्वरी मंदिर, मां दंतेश्वरी मंदिर, मां चण्डी मंदिर, मां शीतला मंदिर, मां सतबहनियां मंदिर तथा मां महामाया मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तजन माता के दर्शन के लिए घंटों तक लाइन में खड़े रहे और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रंग-बिरंगी रोशनी, फूलों की सजावट और धार्मिक गीतों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन एवं जागरण का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महिलाओं और युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से देखने को मिली। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर समितियों द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। पेयजल, प्रसाद वितरण एवं सुरक्षा के लिए स्वयंसेवकों की तैनाती की गई थी। प्रशासन द्वारा भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात किया गया, जिससे व्यवस्था सुचारू बनी रही। नवरात्र के इस पावन अवसर पर कई भक्तों ने उपवास रखकर माता की आराधना की।

### नवरात्रि पर्व पर देवी पूजा का विशेष महत्व



श्रद्धालुओं का मानना है कि नवरात्र में मां दुर्गा की पूजा करने से सभी कष्ट दूर होते हैं और जीवन में सुख-शांति का वास होता है। पंचमी तिथि पर उमड़ी इस भारी भीड़ ने यह स्पष्ट कर दिया कि कवर्धा क्षेत्र में धार्मिक आस्था और परंपराओं के प्रति लोगों की गहरी श्रद्धा आज भी बनी हुई है। देर रात तक मंदिरों में दर्शन का सिलसिला जारी रहा और पूरा नगर मानो एक विशाल धार्मिक उत्सव में डूबा नजर आया। माना जा रहा है कि कुछ इसी तरह की भीड़ नगर के देवी मंदिरों में 25 मार्च को अष्टमी के रोज देखने को मिलेगी। जिसकी तैयारियां मंदिर समितियों द्वारा की जा रही है।

**समस्या:** मनरेगा के श्रमिक बीते चार माह से कर रहे हैं मजदूरी का इंतजार

# वनांचल के मनरेगा मजदूरों में असंतोष, नहीं मिल रही मजदूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोड़ान

कबीरधाम जिले के पंडरिया विकास खंड अंतर्गत वनांचल क्षेत्रों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत काम करने वाले मजदूरों के सब्र का बांध अब टूटता नजर आ रहा है।

पिछले चार महीनों से उनकी कमाई का भुगतान न होने के कारण ग्रामीण मजदूरों में भारी असंतोष व्याप्त है। स्थिति यह है कि होली जैसा बड़ा त्यौहार भी इन निर्धन परिवारों के लिए फीका रहा।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, वनांचल के विभिन्न ग्राम पंचायतों में चेक डेम निर्माण, तालाब गहरीकरण, पशुशेड निर्माण और नाला सफाई जैसे कई महत्वपूर्ण कार्यों में सैकड़ों मजदूरों ने अपनी सेवाएँ दीं। नियमानुसार काम के पखवाड़े भर के भीतर मजदूरी का भुगतान हो जाना चाहिए, लेकिन यहाँ चार महीने बीत जाने के बाद भी मजदूरों के खातों में राशि नहीं पहुँची है।

### त्यौहार में मनरेगा मजदूरों की खुशियां हुईं काफूर



कोदवा गोड़ान सहित आसपास के गांवों के मजदूरों ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि उन्हें उम्मीद थी कि होली से पहले भुगतान हो जाएगा, जिससे वे अपने बच्चों के लिए नए कपड़े और त्यौहार का राशन खरीद सकेंगे। लेकिन प्रशासन की बेरुखी ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। पुनाराम, घनश्याम साकत, रमेश पंडरिया ने बताया कि उनके द्वारा ग्राम पंचायत के माध्यम से चेक डेम, तालाब गहरीकरण और नाला सफाई से लेकर पशु शेड निर्माण में किए गए कार्य की मजदूरी का भुगतान आज तक उनके खाते में नहीं आया है। मुन्नी बाई और अघ्घन बाई का कहना है, चार महीने कम नहीं होते। बार-बार पंचायत के चक्कर काटने के बाद भी सिर्फ आश्वासन ही मिलता है।

### शासन-प्रशासन की चुप्पी पर उठाए जा रहे हैं सवाल

वनांचल के इन दूरस्थ क्षेत्रों में रोजगार का मुख्य साधन मनरेगा ही होता है। ऐसे में समय पर भुगतान न होना मजदूरों को पलायन के लिए मजबूर कर रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि रुके हुए भुगतान की प्रक्रिया को तत्काल पूरा किया जाए ताकि उन्हें राहत मिल सके। अब देखना यह होगा कि मजदूरों की यह गुहार जिम्मेदारों के कानों तक कब पहुंचती है और कब उनके पसीने की कीमत उन्हें प्राप्त होती है।

# साठ पौवा अवैध देशी शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए अवैध शराब परिवहन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 60 पौवा देशी शराब जप्त की गई है। मामले में पुलिस आरोपियों के खिलाफ धारा-34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

इस संबंध में पाण्डातराई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते रविवार को मुखबिर की सूचना पर पाण्डातराई सरईपतेरा रोड में आरोपी संजय कुमार जायसवाल पिता बलदाऊ जायसवाल उम्र 34 वर्ष तथा संतोष कुमार जायसवाल पिता बलदाऊ जायसवाल उम्र 38 वर्ष दोनो निवासी ग्राम खण्डसरा थाना पाण्डातराई जिला कबीरधाम के द्वारा अवैध शराब बिक्री के लिए एक बैग में 60 नग देशी प्लेन शराब कीमती 4800 रूपये का शराब रखकर परिवहन करते पाए जाने पर शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल मांक सीजी 09 जेएच 6298 कीमती 40,000 रूपए जुमला कीमती 44800 रूपए जप्त किया गया है। आरोपीयों के विरूद्ध धारा-34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पाए जाने से आरोपीयों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया। आरोपीयों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

इस कार्यवाही में निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, प्रधान आरक्षक राधेश्याम चंद्रवंशी आरक्षक, पुरूषोत्तम वर्मा, राजेन्द्र सोनवानी , शत्रुहन साहू, रोहित मेरावी, मारतंग चंद्रवंशी का विशेष योगदान रहा।

# बोड़ला में मेगा स्वास्थ्य शिविर व साप्ताहिक मातृशक्ति चिकित्सा सेवा का आयोजन आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

सामाजिक सरोकार और जनकल्याण के क्षेत्र में रानी दुर्गावती जनकल्याण परिषद, बोड़ला एक नई इबारत लिख रहा है। परिषद द्वारा आयोजित हिन्दू संगम के माध्यम से न केवल सांस्कृतिक एकता को बल मिल रहा है, बल्कि लगातार किए जा रहे सेवा कार्यों ने जन-जन के मन में विश्वास जगाया है। क्षेत्र की महिलाओं और आमजन के बेहतर स्वास्थ्य को समर्पित एक बड़ी पहल होने जा रही है। रानी दुर्गावती जनकल्याण परिषद द्वारा हिन्दू संगम बोड़ला में आगामी 25 मार्च, बुधवार (चैत्र नवरात्रि सप्तमी) को एक विशाल एक दिवसीय मेगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी दिन क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात के रूप में साप्ताहिक मातृशक्ति चिकित्सा सेवा केंद्र का भी विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। इस शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें छत्तीसगढ़, रायपुर, बिलासपुर और कवर्धा जिले के सुप्रसिद्ध और अनुभवी विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट, सर्जन, नेत्र रोग, शिशु रोग, हड्डी रोग, वैस्कुलर सर्जन और फिजियोथेरेपिस्ट सहित 25 से अधिक डॉक्टर मौजूद रहेंगे। इस मेगा शिविर में रायपुर, बिलासपुर और कवर्धा के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे। इनमें डॉ. शालिनी जैन अग्रवाल, डॉ. मानसी गुलाटी, डॉ. अपर्णा वर्मा, डॉ. प्रियंका पंडा सहित 25 से अधिक स्त्री रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग और कैंसर विशेषज्ञ शामिल हैं। शिविर में निःशुल्क परामर्श के साथ-साथ सोनोग्राफी और रक्त जांच की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

**इन बीमारियों की होगी जांच व परामर्श**

शिविर मुख्य रूप से महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याओं पर केंद्रित है, जिसमें निम्नलिखित जांचें प्रमुखता से की जाएंगी जैसे गर्भाशय की रसोली (फाइब्रॉइड) एवं अंडाशय की गांठ,निःसंतान दंपत्तियों के लिए विशेष परामर्श, उच्च रक्तचाप,शुगर एवं हीमोग्लोबिन की जांच,गर्भाशय और स्तन कैंसर की प्रारंभिक जांच,मासिक धर्म से जुड़ी समस्याएं एवं मेनोपॉज परामर्श,नेत्र जांच, दंत रोग और जनरल फिजिशियन द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण। शिविर में सोनोग्राफी एवं रक्त जांच की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। आयोजकों ने बताया कि शिविर का लाभ उठाने के लिए समय का ध्यान रखना अनिवार्य है, पंजीयन सुबह 08.00 बजे से 10.00 बजे तक शिविर का सुबह 09.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक हिन्दू संगम बोड़ला में रहेगा।

**साप्ताहिक सेवा की शुरुआत**

इस मेगा शिविर के साथ ही क्षेत्र में साप्ताहिक मातृशक्ति चिकित्सा सेवा केन्द्र शुरू होगा, जहां प्रत्येक बुधवार को महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए विशेषज्ञ सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाएंगी। आयोजक रानी दुर्गावती जनकल्याण परिषद ने क्षेत्र की समस्त माताओं, बहनों और नागरिकों से अपील की है कि वे चैत्र नवरात्रि और हिंदू नववर्ष के इस पावन अवसर पर आयोजित इस निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ का अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लाभ उठाएं।

# नंदी विहार कॉलोनी में बनी सीसी रोड जर्जर व खस्ताहाल नवीनीकरण की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा नगर में स्थित नंदी विहार कॉलोनी में आम जनो के सुलभ आवागमन के लिए वर्षो पूर्व निर्मित कराई गई सीसी रोड अब मरम्मत के आभाव में जर्जर और खस्ताहाल हो चुकी है।

आलम ये है कि सीसी रोड जगह-जगह से उखड चुकी है और रोड में जहां तहां बड़े-बड़े गड्ढे निर्मित हो चुके हैं। जिससे कॉलोनीवासियों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि अभी सूखे के दिनो में तो फिर लोग जैसे तैसे आवागमन कर रहे हैं लेकिन आने वाले वर्षाकाल में यह परेशानी और ज्यादा बढ़ जाएगी। लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से मार्ग के नवीनीकरण कराए जाने की मांग की है।

# संकुल समन्वयकों का नियुक्ति आदेश जारी, टीचर्स एसोसिएशन ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के सतत प्रयास से समग्र शिक्षा अंतर्गत संकुल स्त्रोत केन्द्र में संकुल समन्वयकों का नियुक्ति आदेश जारी हो गया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि समग्र शिक्षा अंतर्गत स्कूलों में अकादमिक गतिविधियों का व्यवस्थित संचालन व प्रशासनिक नियंत्रण के लिए जिले के स्कूलों को 150 संकुलों में विभाजित किया गया है। इन सभी संकुलों में सन 2021 में संकुल समन्वयकों की नियुक्ति किया गया था, जिनमें विभिन्न कारणों से समय-समय पर रिक्त होने वाले संकुलों के लिए समन्वयकों की नियुक्ति किया जाता रहा है। वर्तमान में शिक्षक संवर्ग को प्रधान पाठक प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला तथा प्राचार्य के पदों पर पदोन्नति होने से एकसाथ कई संकुलों में संकुल समन्वयक का पद रिक्त हो गया था, जिसे दृष्टिगत रखते हुए टीचर्स एसोसिएशन ने डीईओ व डीएमसी से चर्चा कर संकुल समन्वयकों की नियुक्ति अविलंब करने की मांग किया था। इस विषय को लेकर एसोसिएशन की जिला टीम ने विगत 12 मार्च को जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा से भी मुलाकात किया था, जिसके बाद प्रक्रिया आगे बढ़ा और अंततः यह नियुक्ति आदेश जारी किया गया है। कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले में 32 संकुलों में समन्वयकों की नियुक्ति आदेश जारी किया गया है, जिसमें ब्लॉक कवर्धा में 7, बोड़ला में 12, स.लोहारा में 5 एवं पंडरिया में 8 समन्वयकों की नियुक्ति शामिल है। एसोसिएशन के



जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, रविन्द्र चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल आदि पदाधिकारियों ने समन्वयक नियुक्ति हेतु कलेक्टर, डीईओ, डीएमसी, बीईओ, बीआरसीसी सहित प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग प्रदान करने वालों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समन्वयक नियुक्त शिक्षकों को बधाई दिया है। साथ ही सभी नवनियुक्त समन्वयकों से जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु अपने पदीय दायित्वों का बेहतर निर्वहन की अपेक्षा व्यक्त किया है।

**जिले के वनांचल में शिखर युवा मंच एवं जीव दया फाउंडेशन का संयुक्त प्रयास**

# राशन और दाल वितरण से 150 जरूरतमंद परिवारों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में 21 एवं 22 मार्च 2026 को जरूरतमंद परिवारों के लिए राशन एवं दाल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शिखर युवा मंच एवं जीव दया फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर, वंचित एवं जरूरतमंद परिवारों को खाद्यान्न सहायता उपलब्ध कराना था। क्षेत्र के अनेक परिवार आजीविका के लिए दिहाड़ी मजदूरी, सीमित कृषि कार्य एवं वन आधारित संसाधनों पर निर्भर हैं, जिससे उन्हें दैनिक भोजन की आवश्यकताओं की पूर्ति में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई। इस अभियान के अंतर्गत ग्राम लब्दा, कोमो एवं कुरलुपानी में संचालित पोषण केंद्रों से जुड़े परिवारों को प्राथमिकता दी गई। साथ ही ग्राम ठाकुरटोला, मुड़घुसरी (जं.),



बांटीपथरा, कुकरापानी, जामपानी, खड़ोदा खुर्द, दुर्जनपुर, भरतपुर, धुमाछापर, छुही, गांगचुवा एवं छुईहा सहित विभिन्न गांवों के चिन्हित जरूरतमंद परिवारों को भी इस कार्यक्रम में शामिल किया गया। कार्यक्रम के तहत कुल 150 परिवारों को प्रति परिवार 26 किलोग्राम अनाज एवं 4 किलोग्राम दाल वितरित की गई, जिससे उन्हें खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण राहत प्राप्त हुई। कार्यक्रम शिखर युवा मंच के संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। संस्था के कार्यकर्ताओं एवं स्वयंसेवकों ने समर्पण और जिम्मेदारी के साथ इस सामाजिक पहल को साकार किया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव ने कहा कि समाज में जरूरतमंद लोगों की सहायता करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। शिखर युवा मंच हमेशा से समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के साथ खड़ा रहा है और आगे भी इसी प्रकार के सेवा कार्यों के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों की सहायता करने के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा। उन्होंने जीव दया फाउंडेशन के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सहयोग से सामाजिक कार्यों को और अधिक मजबूती मिलती है। राशन प्राप्त कर लाभार्थी परिवारों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शिखर युवा मंच एवं जीव दया फाउंडेशन के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिखर युवा मंच टीम के सुरेन्द्र निर्मलकर, जनक यादव, अयोध्या जायसवाल, संतोष साकत, घुरवा राम धुर्वे, विष्णु मेरावी, शत्रुहन मेरावी, श्रीमति कमलेसिन मसकोले, श्रीमति ममता धुर्वे आदि शामिल थे।

### विश्व जल दिवस पर जनजागरूकता कार्यक्रम



**कवर्धा।** विश्व जल दिवस के अवसर पर पीजी कॉलेज, कवर्धा डोम में जल जीवन मिशन अंतर्गत भव्य जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष कबीरधाम ईश्वरी साहू उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में सभापति जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पूर्णिमा साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहू, मिलु साहू, नरेंद्र मानिकपुरी, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड कबीरधाम डीएस राजपूत तथा सहायक अभियंता गोपाल प्रसाद ठाकुर सहित बड़ी संख्या में सरपंच एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात सभी उपस्थितजनों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई, जिसमें जल के सदुपयोग, संरक्षण एवं अपव्यय रोकने का संकल्प लिया गया। मुख्य अतिथि ईश्वरी साहू ने अपने संबोधन में कहा कि जल जीवन का आधार है और प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह जल संरक्षण को अपनी प्राथमिक जिम्मेदारी समझे। अन्य वक्ताओं ने भी जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जनभागीदारी को आवश्यक बताया। वक्ताओं ने कहा कि जल बचाने के लिए व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाना अत्यंत जरूरी है। कार्यक्रम में शासन द्वारा संचालित जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने जल स्रोतों के संरक्षण, पाइपलाइन व्यवस्था के सही संचालन तथा जल के संतुलित उपयोग पर जोर दिया, ताकि भविष्य में जल संकट से बचा जा सके। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत आस्था कला मंच, कबीरधाम के कलाकारों ने जल संरक्षण पर आधारित प्रभावशाली प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित जनसमूह को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर हर घर जल प्रमाणित ग्राम पंचायतों के सरपंचों को सम्मानित किया गया। विकासखंड बोड़ला के ग्राम पंचायत बोदा-03, कामाडाबरी, बोल्दाकला, बोरिया, अंधरीकछार एवं बरबसपुर के सरपंचों को जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं जनसहभागिता को प्रोत्साहित करना रहा, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सरपंच एवं नागरिक उपस्थित रहे।